53 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73 (79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24

यह मुज़फ़्फ़रनगर है...

Web: muzaffarnagarbulletin.co.in

मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय - 6:05, सूर्यास्त - 6:20 वर्ष : 53/अंक : 258 बृहस्पतिवार, 18 सितम्बर 2025 अश्विन, कृष्ण पक्ष, द्वादशी सम्वत् 2082 मूल्य : 3 रुपये कुल पृष्ठ-4

न्यूनतम 25.0°c अधिकतम 32.6 °c

अमृतवाणी

जिंदगी एक आईना है,
आप जैसा सोचते हो,
वैसा ही दिखता है।

अखिलेश ने 86 में 56 एसडीएम यादव बनाए, पिछड़ों को धोखा दिया : ओपी राजभर

अपनी चलती में चलती मनमानी.....
ये सियासत का धर्म होता है.....

इनसे ना होगा कुत्तों की समस्या का निदान, चाहे चली जाएं सैकड़ों जान?

मुजफ्फरनगर, 17 सितम्बर (बु)। मुजफ्फरनगर जनपद हो या पूरा उत्तर प्रदेश घिसे-पिटे डायलॉग मारने के अलावा नेताओं के पास कुत्तों की समस्या का कोई निदान नहीं दिख रहा। यहां हमारा कहना सुप्रीम कोर्ट वाला नहीं है कि कुतों को उठवाओ और एक जगह बंधक बना लो। मानवीय भावनाओं को देखकर हजारों कुत्तों को एक साथ बंद करना कहीं से भी जायज नहीं है, क्योंकि ऐसे में वे आपस में लड़ेंगे और खूनखराबा करके अपनी ही प्रजाति को खत्म कर लेंगे, मगर जो निदान हो सकते थे, वो निदान भी कोई सरकार करने को तैयार नहीं है। वैसे तो बड़े-बड़े बुद्धिजीवी पशुचिकित्सक सरकारी वेतन लेने के लिये बैठे रहते है। सलाह तो उनसे भी लेनी चाहिये कि किसी के जीवन को हानि पहुंचाये बिना कैसे उनकी जनसंख्या पर नियंत्रण किया जा सकता है? यदि किसी चिकित्सक के पास निदान न हो तो एक छोटा सा काम किया जा सकता है।

विश्वसनीय सूत्रों और कुत्ता पालने वालों की बात मानें तो मैडिकल स्टोरों पर माला डी की गोलियां मिलती थी, जो गर्भ निरोधक गोलियां कहलाती थी। पशु प्रेमियों का बताना है कि 4 दिन तक लगातार दूध में या फिर केक में या कुत्तों के किसी और स्वादिष्ट व्यंजन में माला डी की गोली दे दी जाये तो उनकी जनसंख्या पर नियंत्रण पाया जा सकता है, जोकि उन्हें मारने पकड़ने से बेहतर होगा। क्योंकि नसबंदी के काम में ना जाने सरकार अभी कितने साल लगा देगी। जब तक कुत्तों की नसबंदी का काम नहीं हो पाता, तब तक क्यों ना कुत्तों की जनसंख्या नियंत्रण के लिये यही काम करवा लिया जाये। यदि इतना सा काम भी प्रशासन या प्रशासनिक अधिकारियों से नहीं करवाया जा सकता तो आने वाले दिनों में कुत्तों से घायल होने वाले लोगों की संख्या ही नहीं मौतों का आंकड़ा भी 10 गुना बढ़ता दिखाई देगा और शायद दिखाई दे भी रहा है। इसी समाचार के अंदर हम आजकल रोजाना



आने वाले कुत्तों काटने के मामलों को ऑफिशियली बता रहे हैं। इसी समाचार के बाक्स में पढ़ें कि 70 से ज्यादा मामले रोज जिला चिकित्सालय में बंदर और कुत्तों के काटने के आ रहे हैं। बावजूद उसके भी सत्ता में बैठने वाले नेता व पशु चिकित्सा अधिकारी सिर्फ बयानबाजी करते देखे जा सकते हैं। निदान का काम आज तक किसी ने नहीं होते देखा। या तो किसी बड़े हादसे के इंतजार में नेता और अधिकारी लगे हुए हैं या फिर कुत्ते और बंदरों से निजात दिलाने की कोई मंशा इन दोनों के अंदर दिखाई नहीं पड़ती। फिलहाल तो हर गली में कटखने कुत्तों से आम जनता परेशान दिखाई पड़ रही है। यही हाल घर की महिलाओं का भी है। जो अपने ही घर की छतों पर कपड़े सुखाने जाने से भी डरती हैं, क्योंकि हर छत पर वानरराज अपना कब्जा जमाये दिखाई पड़ते हैं। अब देखना यह होगा कि कितनी मौतों के बाद जिले अथवा प्रदेश का शासन व प्रशासन यह मामूली सा उपाय करवा पाएगा या फिर यह धींगामुश्ती यूं ही जारी रहेगी। वहीं आपको बता दें कि जनपद में एक मामला अभी आया है जिसमें नई मंडी में एक पिटबुल ने एक बच्चे पर हमला कर दिया। घटना 13 सितंबर 2025 की है, जब कॉलोनी में घूम रहे एक पिटबुल कुत्ते ने बच्चे पर हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया था। घायल मासूम को तत्काल इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज जारी है और वह अब खतरे से बाहर है। घटना के दिन आतिश और आकाश नामक दो युवक अपने पिटबुल डॉग को एक खाली प्लॉट में घुमा रहे थे। इसी दौरान पास के घर से एक 6 साल का बच्चा बाहर निकला। आरोप है कि दोनों युवकों ने जानबूझकर अपने कुत्ते को बच्चे पर छोड़ दिया, जिससे पिटबुल ने बच्चे के पैर में गंभीर रूप से काट लिया। अभी फिलहाल पुलिस में तहरीर दी गई है। पुलिस ने आतिश नाम के युवक को गिरफ्तार कर लिया है और आगे की कार्रवाई कर रही है।

प्रतिदिन कुत्तों के काटने के आ रहे हैं 70 से ज्यादा मामले

मुजफ्फरनगर। इन दिनों जहां जिला अस्पताल में डायरिया, डेंगू और वायरल के मामले तो सामने आ ही रहे हैं, लेकिन इनके अलावा जनपद के जिला अस्पताल में रेबीज से जुड़े मामले भी आ रहे हैं। जानकारी के अनुसार लगभग 70 से ज्यादा मामले रेबीज का इंजेक्शन लगवाने वालों के आ रहे हैं। बताया जा रहा है कि रेबीज के ज्यादातर मामलों में कुत्तों के काटने के मामले ज्यादा हैं। आपका यह जानना जरूरी है कि रेबीज होता क्या है? रेबीज मस्तिष्क का एक घातक वायरल संक्रमण है, जो संक्रमित जानवरों (जैसे कुत्ते, लोमड़ी, रैकून) के काटने से फैलता है और केंद्रीय तंत्रिका तंत्र को प्रभावित करता है, जिससे अक्सर मौत हो जाती है। इसके लक्षणों में बुखार, सिरदर्द, बेचैनी और पानी से डर (हाइड्रोफोबिया) शामिल हैं। रेबीज से बचने का सबसे प्रभावी तरीका है किसी भी संक्रमित जानवर के काटने या खरोंच के तुरंत बाद घाव को साबुन और पानी से अच्छी तरह धोना और तुरंत डॉक्टर से मिलकर रेबीज का टीका (वैक्सीन) और एंटी-रेबीज सीरम (इम्यूनोग्लोबुलिन) लगवाना।

> **"जिला अस्पताल के प्रशिक्षु डॉक्टर रूएल रोड्रिगज का कहना है कि उनके पास प्रतिदिन मामले आ रहे हैं, जिनकी संख्या 70 से ऊपर रहती है। इसमें सिर्फ कुत्ते के काटने के ही नहीं, बल्कि चूहे के काटने और बंदर के काटने के मामले भी हैं, लेकिन इन मामलों में कुत्तों के काटने के मामले ज्यादा हैं। मरीजों को लगातार इंजेक्शन लगवाने और सावधानी बरतने की सलाह दीजिए।"**

जनपद में आज भी दो स्थानों पर कुत्तों का हमला

1 **मुजफ्फरनगर। नगर में यूं तो जिला चिकित्सालय में बंदर व कुत्तों के काटने के 70 से अधिक मामलों की चर्चा हम कर चुके हैं, मगर बुधवार को ताजा दो मामलों में मुकदमा दर्ज हुआ है, जिसमें 13 सितम्बर को नई मण्डी कोतवाली क्षेत्र के हरिपुरम कूकड़ा में सामान लेने जा रहे छह वर्षीय बच्चे को पिटबुल कुत्ते ने हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। बताया जाता है कि राहुल का छह वर्षीय बेटा वासु बाजार से सामान लेने जा रहा था पास में ही रह रहे आतिश व आकाश पुत्रगण मुकेश अपने पिटबुल कुत्ते को घुमा रहे थे। आरोप है कि बच्चे वासु को देखते ही पिटबुल उसकी ओर छपट पड़ा और दोनों भाईयों ने पिटबुल की जंजीर छोड़ दी। जंजीर छोड़ते ही पिटबुल ने वासु पर हमला बोल दिया और उसका दायां पैर अपने जबड़े में ले लिया। बताया जाता है कि इस हमले में पिटबुल ने बच्चे के मांस के साथ साथ हड्डियों तक अपने दांत गड़ा दिये। पुलिस ने बच्चे के पिता की तहरीर पर आशीष व आकाश के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।**

पागल आवारा कुत्ते ने 6 लोगों को काट खाया

2 ▶▶ एक बच्ची गंभीर हालत में हायर सेंटर हुई रैफर

बुढ़ाना, 17 सितम्बर (बु.)। एक पागल आवारा कुत्ते ने कुछ ही देर में 06 लोगों को काट खाया, जिनमें एक बच्ची को गंभीर हालत में हायर सेंटर के लिए रैफर कर दिया गया। उधर नगर पंचायत बुढ़ाना की चैयरपर्सन ने नगर पंचायत कर्मचारियों को मौके पर भेजकर पागल कुत्ते को जंगल में छुड़वा दिया। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कस्बे की नई बस्ती में बुधवार की सुबह कहीं से एक आवारा कुत्ता घूमता हुआ आ गया, जो कि पागल था, तब उसने मौका पाकर इसी मौहल्ले की 50 वर्षीया महिला नसीमा, 25 वर्षीय इसरार, 10 वर्षीय आहिल और रिदा पुत्री आरिफ और 08 वर्षीया मिस्बाह को काट खाया। इस दौरान हड़कंप मच गया और सभी घायलों को एक एक करके सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बुढ़ाना में भेजा गया, जहां सबको रेबीज के इंजेक्शन लगाकर घर भेजा गया, जबकि मिस्बाह को गंभीर हालत में हायर सेंटर रैफर किया गया। एक अन्य बच्ची को भी कुत्ते द्वारा काटा गया है, जिसका नाम पता नहीं लग पाया था। पागल कुत्ते की सूचना लोगों ने चेयरपर्सन उमा त्यागी को दी तो उन्होंने मौके पर नगर पंचायतकर्मियों को भेजा, जिन्होंने बड़ी मुश्किल से पागल कुत्ते को पकड़कर दूर जंगल में छोड़ दिया। उधर लोगों ने चेयरपर्सन प्रतिनिधि सुबोध त्यागी का आभार जताया है।

जहर पीकर थाने पहुंची महिला, जेठ के बेटे पर परेशान करने का आरोप

चरथावल, 17 सितम्बर (बु.)। थाने में बुधवार को उस समय हड़कंप मच गया, जब एक महिला जहर पीकर वहां पहुंची। पुलिस ने तत्काल उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। महिला की पहचान अकबरगढ़ निवासी जोनिका पत्नी स्व. अमित के रूप में हुई है। चरथावल थाना प्रभारी जसवीर सिंह ने बताया कि जोनिका पुरकाजी के तुगलकपुर कम्हेड़ा की रहने वाली है। उसकी शादी अकबरगढ़ में हुई थी। पति अमित की मौत के बाद जोनिका अपने बच्चे के साथ मायके में रह रही थी। जोनिका की बहन सुमन ने आरोप लगाया है कि ससुराल वालों से झगड़े के बाद जोनिका ने यह कदम उठाया। सुमन के अनुसार, जोनिका के जेठ का बेटा उसे परेशान करता है। दो दिन पहले वह मायके आकर जोनिका के बेटे को जबरन अपने साथ ले गया था और फोन पर धमकी भी दी थी। इन सबसे परेशान होकर जोनिका जहर खाकर थाने पहुंची थी। पुलिस के अनुसार, अब उसकी हालत में सुधार है। पुलिस ने इसे पारिवारिक विवाद मानते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है।

बाइक स्टंट करने से मना किया तो सपा नेता एवं मौजूदा सभासद अन्नू कुरैशी व भतीजे ने की चाकू घोपकर हत्या

मुजफ्फरनगर, 17 सितंबर (बु.)। खालापार थाना क्षेत्र में दिन निकलते ही मौहल्ला फिरदौसनगर में सपा नेता एवं मौजूदा सभासद ने सारी सीमाएं लांघते हुए मात्र इस बात पर एक युवक की उस समय हत्या कर दी जब युवक ने बाइक स्टंटबाजी करने से मना किया। बताया जाता है कि फिरदौसनगर निवासी अफसार पुत्र जुल्फिकार उर्फ गुड्डू का मंगलवार को मौजूदा सभासद व सपा नेता अन्नू कुरैशी के भतीजे साहिल से विवाद हो गया था। दरअसल साहिल मौहल्ले में ही बाइक तेज दौड़ाने के साथ साथ स्टंटबाजी कर रहा था। यह बात पहले मृतक अफसार द्वारा अन्नू कुरैशी के भतीजे साहिल को प्यार से समझाई गयी मगर साहिल उल्टा अफसार पर ही चढ़ दौड़ा। बाद में दोनों में काफी कहासुनी हुई। रात्रि लगभग 12:30 बजे जब अफसार अपने घर के बाहर बैठा था तो आरोपी साहिल अपने चाचा सभासद अन्नू कुरैशी व आवेश निवासीगण फिरदौसनगर वहां पहुंचे और दोबारा से विवाद शुरू कर दिया। विवाद होते-होते आरोपी साहिल ने अफसार के सीने में चाकू घोंप दिया, जिससे वह खून से लथपथ हो गया और गंभीर हालत में घायल अफसार को जिला चिकित्सालय लाया गया। चाकू मारने की खबर सुनकर अफसार के परिवार में कोहराम मच गया और वे आनन-फानन में जिला चिकित्सालय से प्राथमिक उपचार के बाद अफसार को मेरठ ले गए, मगर रास्ते में ही अफसार की मौत हो गयी। हत्या की सूचना जैसे ही आला अधिकारियों को मिली तो बुधवार को एसएसपी संजय कुमार वर्मा व एसपी सिटी सत्यनारायण प्रजापत ने मौके पर पहुंचकर परिजनों व मोहल्ले के लोगों से मामले की जानकारी ली। पुलिस ने तहरीर मिलने पर सभासद अन्नु कुरैशी, उसके भतीजे साहिल व आवेश के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर ली है। खालापार पुलिस अब तीनों आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिशें दे रही है। जिनको जल्द गिरफ्तार करने का दावा भी पुलिस कर रही है।

सरकार पीटती है ईमानदारी के ढोल, टोल पर खुल रही भ्रष्टाचार की पोल

जिस गाड़ी ने मीरापुर टोल का मुंह तक नहीं देखा उसका एक नहीं दो बार काटा टोल टैक्स

मुजफ्फरनगर, 17 सितंबर (बु). विभिन्न टोलों से अलग-अलग शिकायतें आये दिन आती रहती हैं। टोल पर यात्रियों से मारपीट की सूचनायें और वीडियो रोज वायरल होते हैं, मगर अब भ्रष्टाचार की शिकायतें भी आये दिन आने लगी हैं। बड़ी बात यह है कि बिना सबूत दिये टोलकर्मी तो मानते ही नहीं, उनके अधिकारी और सत्ताधारी भी नहीं मानते। हाल ही में मुजफ्फरनगर के मीरापुर टोल का शुभारंभ किया गया था, जहां एक ऐसी गाड़ी का टोल टैक्स काट दिया गया, जो गाड़ी घर में ही खड़ी थी। इससे भी आश्चार्यजनक बात यह है कि ये ऐसी गाड़ी है, जिसने कभी आज तक मीरापुर टोल के दर्शन ही नहीं किये। यह गाड़ी गांधी कॉलोनी के एक घर की एक पार्किंग में खड़ी रही और मीरापुर टोल पर काल्पनिक टोल टैक्स वसूल भी लिया गया। इस बात पर किसी को यकीन ना आये, तो इस गाड़ी का नंबर यूपी-12 बीवी 4866 है और टोल के महानुभाव ने इस गाड़ी का एक बार नहीं, दो बार बिना गाड़ी गए 60-60 रुपए का टोल काट रखा है। एक टोल टैक्स

की वसूली 16 सितंबर 2025 में की गई है और दूसरे टैक्स की वसूली आज से लगभग 4 माह पूर्व की गई थी। टोल टैक्स के मैसेज को भी सबूत के तौर पर प्रकाशित किया जा रहा है। गाड़ी स्वामी राजकुमार शर्मा का कहना है कि इस तरह से तो देश के करोड़ों लोगों से टोल टैक्स पर बैठे लोग अरबों रुपए की वसूली कर रहे होंगे अगर एक व्यक्ति से 120 रुपए की बेईमानी भी कर ली जाये और वाहन रखने वाले इस देश में 40 करोड़ लोग भी हों, तो अंदाजा लगा लीजिये कि कितना बड़ा भ्रष्टाचार किया जा रहा है। ऐसे में आम आदमी को सड़कों पर टोल वसूलने के नाम पर टोल पर बैठे अधिकारी व कर्मचारी केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गड़करी जैसे स्वच्छ छवि वाले व्यक्ति की साख को पूरे देश में बट्टा लग रहे हैं। एक तरफ सरकार मंच पर खड़े होकर, सीना तानकर, अपनी ईमानदारी का बखान करती है, दूसरी तरफ टोल पर बैठे कर्मचारी उनकी साख को नीचे लाने का काम लगातार कर रहे हैं और यह कोई पहला मामला नहीं है, जहां एक टोल पर ऐसा हुआ हो। इससे पहले भी टोल कर्मियों के विभिन्न मामले खुलकर जनता के सामने आये हैं और इस तरह देश की जनता का मानसिक और आर्थिक शोषण दोनों किये जा रहे हैं। पीड़ित राजकुमार बताते हैं कि 120 रुपए लेना कोई बड़ी बात नहीं है। सरकार अगर 120 रुपए मदद के नाम पर वैसे ही मांग लेती, तो वह शायद 240 भी दे देते, मगर ऐसी चोर-बाजारी करना वास्तव में भ्रष्टाचार के दायरे में हैं। ऐसे में अधिकारियों को शिकायत करने पर यह अश्वासन तो मिल गया कि पैसे वापस तो आ जाएंगे, मगर वो इस मानसिक शोषण को क्यों झेलें कि उनकी पार्किंग में खड़ी गाड़ी का चालान कटे और अपने ही 120 रुपए वापसी करने के लिये वह सरकार के नौकरों से अपने पैसे वापसी की गुहार लगाते रहें। इसका जवाब कौन देगा पीड़ित को नहीं पता मगर यह समाचार परिवहन मंत्री के समक्ष जरूर पहुंचाया जाएगा।

> Forwarded
> Your FASTag Wallet A/c. 1637 linked to VPA netc.UP12BV4866@idbi has been successfully recharged with Rs.60.00/- on 16/09/2025 10:29:31 through UPI. UPI Reference ID -881193270680.For queries, kindly call our customer care at1800 266 1962 - IDBI Bank
> 6:18 pm

बहराइच में भेड़िया रिटर्न, 7 दिन, 6 हमले और 2 की मौत

बहराइच, 17 सितंबर (एजेंसी)। बहराइच जनपद में एक बार फिर भेड़ियों का आतंक शुरू हो चुका है। बीते एक सप्ताह में भेड़ियों के ताबड़तोड़ 6 हमलों में तीन साल की मासूम और 4 साल की लड़की की मौत हो चुकी है जबकि 6 लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। कैसरगंज तहसील स्थित बाबनपुरवा गांव पहुंची तो वहां के लोगों के चेहरे पर आदमखोर भेड़िए का खौफ साफ देखा जा सकता था। यहां पर दो दिन पहले ही 55 वर्षीय शिव प्यारी पर आदमखोर ने हमला किया था। ये हमला रात के अंधेरे में हुआ जिसके बाद से गांव के लोग दहशत में हैं। इस मामले में प्रभागीय वन अधिकारी (डीएफओ) ने बताया कि बहराइच में भेड़ियों को पकड़ने के लिए अन्य जनपदों की टीम को बुलाकर मदद ली जा रही है। पिंजरों को फिर से खेतों में लगाया जा रहा है और ड्रोन कैमरों की मदद से उन पर लगातार नजर रखी जा रही है। जनपद के बौंडी थाना क्षेत्र इलाके में भेड़ियों ने रात से ताबड़तोड़ तीन लोगों पर हमला कर लोगों में दहशत फैला दी है। मंझारा तौकली बभननपुरवा के रहने वाले राजित राम यादव की पत्नी शिव प्यारी (60) घर के पास बंधी गाय को रोटी खिला रही थी। अंधेरे का फायदा उठाकर भेड़िए ने उनपर पीछे से हमला कर दिया। गंभीर हालत में उन्हें शहर के मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है।

11 माह के भांजे की हत्या के मामले में दो बाल अपचारियों को पुलिस अभिरक्षा में भेजा गया

मुजफ्फरनगर, 17 सितंबर (बु.)। नगर कोतवाली पुलिस ने कंस मामा बने दोनों बाल अपचारियों को गिरफ्तार कर बाल गृह सुधार भेज दिया है। 11 माह के भांजे की हत्या और बहन की हत्या के प्रयास करने वाले दोनों बाल अपचारियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर बाल सुधार गृह में भेज दिया है। पुलिस लाइन में प्रेसवार्ता करते हुए एसपी सिटी सत्यनारायण प्रजापत ने बताया कि मोहल्ला प्रेमपुरी में छोटी पत्नी पार्वती की हत्या का प्रयास उसी के दो नाबालिग भाइयों द्वारा की गई थी, इतना ही नहीं अपने 11 माह के भांजे अभिषेक की मुंह दबाकर हत्या की घटना भी इन्हीं के द्वारा कारित की गई थी, जिनको शहर कोतवाली पुलिस ने दोनों बाल अपचारियों को शामली बस स्टैंड के पास से अभिरक्षा में ले लिया। पूछताछ में उन्होंने बताया कि उनकी बहन ने उनके तहेरे भाई विजय से भाग कर शादी कर ली थी, जिससे समाज में उनकी काफी बेइज्जती हुई। बहन उनसे छिपकर प्रेमपुरी में किराए के मकान में रह रही थी। पता चलने पर दोनों नाबालिग भाई अपनी बहन के पास आकर रहने लगे। सोमवार रात्रि में उनका बहन के साथ विवाद हो गया, जिसके बाद दोनों भाइयों ने अपनी बहन का गला दबाकर उसको मारने का प्रयास किया। इस दौरान भांजे के रोने पर उन्होंने उसका मुंह दबा दिया, जिससे उसकी मौत हो गयी। शोर-शराबा होने पर बहन को मरा समझकर दोनों भाई मौके से फरार हो गए, जिनको पुलिस ने हिरासत में लेकर दोनों को बाल सुधार गृह में भेज दिया गया है।

लखनऊ में डॉक्टरों ने महिला के पेट से निकाला 20 किलो का ट्यूमर

लखनऊ 17 सितंबर (वार्ता) लखनऊ स्थित बलरामपुर अस्पताल के सर्जन और डॉक्टरों की टीम ने मंगलवार को सर्जरी कर एक महिला के पेट से 20 किलो का ट्यूमर निकालने में सफलता पाई है। डॉक्टरों के मुताबिक महिला अब पूरी तरह से स्वस्थ है। डॉक्टरों ने दावा किया है कि इस तरह का जटिल ऑपरेशन करके पहली बार इतना बड़ा ट्यूमर निकाला गया है। फैजाबाद निवासी रामधीरज की पत्नी शैलेश कुमारी (45) के पेट में सूजन व दर्द, भूख न लगना, कमजोरी की शिकायत थी। पेट बहुत फूला हुआ था। परिवारीजन बलरामपुर अस्पताल की ओपीडी में 10 सितंबर को पहुंचे। यहां सर्जन डॉ. एसके सक्सेना ने महिला को देखा। आवश्यक जांच के दौरान पता चला कि महिला के पेट मे बड़ा ट्यूमर है। जांच करके तुरंत ही महिला मरीज को भर्ती कर लिया। डॉक्टरों के मुताबिक महिला को परिवारीजनों ने फैजाबाद, लखनऊ के कई अस्पतालों में दिखाया था, लेकिन वहां से कोई लाभ नहीं मिला।

मुठभेड़ के बाद चार शातिर बदमाश गिरफ्तार, दो गोली लगने से घायल

मुजफ्फरनगर, 17 सितंबर (बु.)। एसएसपी संजय कुमार वर्मा के ऑपरेशन क्लीन के चलते छपार पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान चार शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया है, जिसमें दो बदमाश पुलिस की गोली लगने से घायल भी हो गए, जिनको उपचार के लिए जिला अस्पताल ले जाया गया। पुलिस ने चारों गिरफ्तार बदमाशों से दो बाइक, दो तमंचे, चोरी का सामान व नगदी बरामद की है। पुलिस ने चारों आरोपियों से अन्य घटनाओं से संबंधित पूछताछ कर उनके चालान किए और जेल भेज दिया। पुलिस लाइन में प्रेस वार्ता के दौरान एसपी सिटी सत्यनारायण प्रजापत ने बताया कि छपार क्षेत्र में पिछले काफी समय से तीनों बदमाश चोरी की कई घटनाओं को अंजाम दे चुके थे, जिसके बाद पुलिस को इन चोरों की तलाश भी थी। देर रात छपार थाना प्रभारी को इनकी सूचना मिली कि चोरी की घटनाओं को अंजाम देने वाले बदमाश बाइकों से रई गांव जाने वाले रास्ते पर खड़े हुए हैं। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर बदमाशों की घेराबंदी की, तो बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में बदमाश हसीन निवासी मौहल्ला शाहपुर कस्बा व थाना भगवानपुर जिला हरिद्वार व नबाब निवासी गांव डाटा जलालपुर, थाना भगवानपुर, जिला हरिद्वार गोली लगने से घायल हो गए। पुलिस ने कॉम्बिंग करते हुए उनके साथी शाहनवाज उर्फ काला निवासी मौहल्ला शाहपुर थाना भगवानपुर व इरशाद निवासी कस्बा पुरकाजी को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों से दो बाइक, दो तमंचे, चोरी का सामान व 9300 रुपए बरामद कर लिए है। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ के बाद तीन घटनाओं का अनावरण किया है।

फर्जी चेक साइन कराने की ईओ से साजिश, भेजा नोटिस

▶▶ हड़ताल बीच गहराया मुद्दा, कार्यदायी संस्था से दूसरी फर्म का चेक ईओ ने पकड़ा

मुजफ्फरनगर, 17 सितम्बर (बु.)। पालिका में कर्मचारियों की जारी काम बंद हड़ताल के बीच ही ईओ और लेखाकार के बीच शुरू रार में अब नया विवाद उत्पन्न हो गया है। लेखाकार पर आरोप है कि उन्होंने कार्यदायी संस्थाओं के बिलों के भुगतान पत्रावलियों और चेक साइन करने के बीच एक फर्जी चेक ईओ से साजिशन साइन कराने के प्रयास किए, जो पकड़ में आने के बाद ईओ ने चेक बुक, रजिस्टर और बिल पत्रावली जब्त करते हुए लेखाकार और लेखा लिपिक को नोटिस जारी करते हुए वित्तीय अनियमितता में विधिक कार्यवाही करने की चेतावनी के साथ जवाब तलब किया है।

पालिका में हड़ताल के बीच अधिकारियों के बीच की आपसी रार कम होने के बजाय बढ़ रही है। ईओ द्वारा सीधे तौर पर आरोप लगाया गया है कि स्वायत्त शासन कर्मचारी संगठन के पत्र पर वेतन संबंधी विवाद के निस्तारण के लिए लेखाकार को आदेश जारी कर वेतन बनाने को कहा गया था, लेकिन उन्होंने जानबूझकर उनका मार्क किया गया पत्र टैक्स विभाग में कार्यवाहक टीएस को भेज दिया, जिससे संकट बना और हड़ताल हुई। इसको लेकर उन्होंने मंगलवार को ही लेखाकार को नोटिस जारी कर दिया था, लेकिन अब यह विवाद वित्तीय अनियमितता के आरोपों तक भी पहुंच गया। बुधवार को कर्मियों की हड़ताल के बीच ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह अपने कार्यालय में पहुंची थी।

बोर्ड फण्ड और दूसरे मदों से कराए कार्यों की भुगतान पत्रावलियों के निस्तारण के लिए लेखाकार प्रीति रानी उनके पास कुछ चेक व रजिस्टर पर स्वीकृति प्राप्त करने के लिए पहुंची। ईओ ने लेखा लिपिक गगन महेन्द्रा और लेखाकार प्रीति रानी की संस्तुति के आधार पर भुगतान पत्रावलियों का निस्तारण करना प्रारम्भ कर दिया। इसके साथ ही कार्यदायी संस्थाओं को भुगतान के लिए वो चैक भी साइन कर रही थी।

इसी बीच उन्होंने एक फर्जी चेक पकड़ लिया, गलत चेक पकड़ में आने पर जब ईओ ने लेखाकार प्रीति रानी से जवाब मांगा तो उनका कहना था कि ऐसे गलत चेक तो बनते रहते हैं, ये कंप्यूटर की गलती है, इसे ठीक कराकर दूसरा चेक बनवाकर ला दूंगी, लेकिन ईओ ने इसे गंभीर वित्तीय अनियमितता और उनके खिलाफ एक सोची समझी साजिश बताते हुए चेक बुक, विवरण रजिस्टर व सम्बंधित कार्यदायी संस्था की बिल पत्रावली को जब्त करते हुए अपने पास रख लिया।

ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह ने बताया कि लेखाकार प्रीति ने भुगतान पत्रावलियों का निस्तारण उनसे कार्यालय में कराने के दौरान एक फर्जी चैक पकड़ा है, जो उनसे धोखे से साइन कराने का प्रयास किया गया, ताकि उन्हें भुगतान के लिए वित्तीय अनियमितता में फंसाया जा सके। उन्होंने बताया कि शिव कंस्ट्रक्शन फर्म के द्वारा नई मंडी में श्री बालाजी रथयात्रा के दौरान रथयात्रा रूट पर सड़कों में हुए गड्ढों को भरने के लिए पैच वर्क का कार्य तात्कालिक व्यवस्था में पालिका के निर्माण विभाग से कराया गया था। इस कार्य की भुगतान पत्रावली शिव कंस्ट्रक्शन के नाम से थी, बिल भी उसी फर्म का था और रजिस्टर में विवरण भी वही था, लेकिन इस फर्म के लिए प्रस्तुत बिल के लिए 1,12,774 रुपये रुपये का जो चैक उनसे साइन कराने का प्रयास हुआ, वो शिव इंटरप्राइजेज के नाम पर बनाया था। इसके लिए लेखाकार प्रीति रानी और लेखा लिपिक गगन महेन्द्रा को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

स्वच्छता पखवाड़े के अन्तर्गत अस्पताल चौराहे पर सफाई कर्मियों के साथ ईओ नगरपालिका हाथ बंटाते हुए। -फोटो बुलेटिन

भोपा रोड विश्वकर्मा चौक से निकली विश्वकर्मा शोभायात्रा

- आम-ओ-खास ने पहुंच दी हवन में आहुति, लिया आशीर्वाद

मुजफ्फरनगर, 17 सितम्बर (बु.)। भगवान विश्वकर्मा पूजा दिवस महोत्सव के शुभ अवसर पर बुधवार को देशभर के साथ जनपद में विश्वकर्मा जयंती बड़े धूमधाम के साथ मनाई गई। इस कड़ी में भोपा रोड स्थित विश्वकर्मा चौक पर भव्य कार्यक्रम के बीच पूजा-अर्चना के साथ शोभायात्रा नगर क्षेत्र में निकाली गई, जिसमें भव्य झांकियों, डीजे व बैंड बाजों की धुनों पर थिरकती युवाओं की टोली अलग ही जोश और उत्साह में दिखाई दी। कार्यक्रम में इस बीच विश्वकर्मा चौक समिति ट्रस्ट के अध्यक्ष एवं मंत्री के सान्निध्य में संपन्न हुए कार्यक्रम में विश्वकर्मा चौक भोपा रोड पर हवन, भण्डारा एवं दोपहर 2 बजे से शोभायात्रा का शुभारंभ किया गया। विश्वकर्मा चौक समिति ट्रस्ट की ओर से आयोजित कार्यक्रम में भगवान विश्वकर्मा महोत्सव के शुभ अवसर पर मुख्य पुरोहित सत्यदेव विश्वकर्मा के सान्निध्य में हवन के बाद प्रसाद वितरण व भण्डारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी, विधायक मिथलेश पाल, आयोग सदस्या सपना कश्यप, सपा नेता प्रमोद त्यागी, राकेश शर्मा, शिवांक सैनी आदि उपस्थित रहे। विश्वकर्मा चौक पर संपन्न कार्यक्रम के बाद नगर क्षेत्र में भव्य शोभायात्रा विश्वकर्मा चौक से प्रारम्भ होकर भोपा रोड पुल से होते हुए झांसी की रानी से शिव चौक से रुडकी रोड होते हुए श्री विश्वकर्मा मंदिर रामपुरी, त्रिरुपति पैलेस से फ्रैंड्स कॉलोनी होते हुए कच्ची सड़क, अहिल्याबाई चौक, अंसारी रोड से वापस होते हुए विश्वकर्मा चौक पर समाप्त हुई, जहां पर विश्वकर्मा जी की महाआरती के साथ इस कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम में सरंक्षक बाबूराम पांचाल, गुरुदत्त आर्य, वेदप्रकाश धीमान, नरेश विश्वकर्मा, जगदीश पांचाल, मुकेश धीमान भार्गव, देशपाल पांचाल, अश्वनी, ब्रजेश, अशोक, प्रदीप, प्रवीण, उमेश, प्रमोद, संदीप, स. बलविन्द्र सिंह, मोहन सिंह, आदि उपस्थित रहे।

विश्वकर्मा समाज मंदिर रामपुरी में हवन के साथ मना महोत्सव

मुजफ्फरनगर, 17 सितम्बर (बु.)। भगवान विश्वकर्मा पूजा दिवस महोत्सव के शुभ अवसर पर बुधवार को नगर क्षेत्र में स्थित विश्वकर्मा मंदिर रामपुरी में प्रातः बेला में 8:30 बजे संपन्न हवन यज्ञ कार्यक्रम में यजमान के रूप में रामबीर पांचाल और अमित धीमान सपत्निक यज्ञ पुरोहित के रूप में पं. अरविन्द धीमान ने यज्ञ सम्पन्न कराया। यज्ञ में मुख्य अतिथि के रूप में पालिका चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप के पुत्र कार्तिक स्वरूप पधारे। विश्वकर्मा पूजा कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. रविदत्त धीमान एवं संचालन देशपाल पांचाल ने किया। इस कार्यक्रम की व्यवस्था मंदिर सभा अध्यक्ष मुकेश धीमान एवं समस्त कार्यकारिणी के संचालन में संपन्न हुई। सुरेश धीमान की पौत्री आराध्या धीमान को श्री लंका में गोल्ड मेडल जीतने पर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में कार्तिक स्वरूप ने कहा कि भगवान विश्वकर्मा किसी एक जाति, धर्म या समुदाय के नहीं हैं। उन्होंने इस सृष्टि का निर्माण किया, इसलिए ये सभी के पूजनीय है। उन्होंने कहा कि भारत ही नहीं, विश्व में इस दिन भगवान विश्वकर्मा की पूजा कर ब्रह्माण्ड की रचना की छवि के प्रति नतमस्तक होते है। सभा के अध्यक्ष मुकेश धीमान ने कहा कि विश्वकर्मा कुल में जन्म लेकर हम अपने आप को सौभाग्यशाली मानते हैं। सृष्टि के रचनाकार भगवान विश्वकर्मा का वर्णन वेदों से लेकर पुराणों में भगवान की उपाधि से अलंकृत है। इस दौरान बाबूराम पांचाल, ओम प्रकाश धीमान, देशपाल पांचाल, अश्वनी पांचाल, योगेन्द्र धीमान, सभासद रजत धीमान, जनार्दन विश्वकर्मा, सुरेश धीमान, रामवीर पांचाल, शेरपाल पांचाल, ईश्वर धीमान, मुकेश धीमान, मनोज धीमान, नितिन पांचाल, मनोज पांचाल, लोकेश पांचाल, अक्षम धीमान, मनोज, यक्ष धीमान, मोनू धीमान, अरूण, राजेश धीमान, सुनील धीमान, गौरव, मनीष, आशीष, देवांश, स. मोहन सिंह, सत्यम प्रकाश, प्रवीण धीमान, धर्मदत्त, अनिल, विनोद, नरेश, पवन, राजीव, रविंद्र पांचाल आदि सैकडों लोग उपस्थित रहे।

बुलेटिन संपादक अंकुर दुआ ने लिया विश्वकर्मा जी का आशीर्वाद

- पूजा करने के साथ बताया उन्हें विश्व का प्रथम इंजीनियर

मुजफ्फरनगर, 17 सितम्बर (बु.)। विश्वकर्मा चौक समिति ट्रस्ट की ओर से भोपा रोड स्थित विश्वकर्मा चौक पर आयोजित हुई भगवान विश्वकर्मा महोत्सव के शुभ अवसर पर मुख्य पुरोहित सत्यदेव विश्वकर्मा के सान्निध्य में संपन्न हुए हवन-पूजन, प्रसाद वितरण व भण्डारे में बड़ी संख्या में गणमान्यों ने समाज के साथ शामिल हुए। विश्वकर्मा चौक पर संपन्न कार्यक्रम में मुजफ्फरनगर बुलेटिन संपादक अंकुर दुआ ने भी पहुंच भगवान विश्वकर्मा जी की पूजा अर्चना करते हुए धर्म लाभ और आशीर्वाद प्राप्त किया। विश्वकर्मा चौक पर आयोजित कार्यक्रम में मुजफ्फरनगर बुलेटिन संपादक अंकुर दुआ ने कहा कि धार्मिक ग्रंथों के अनुसार, भगवान विश्वकर्मा को भगवान ब्रह्मा का वंशज माना गया है, जिन्हें ब्रह्मांड का प्रथम वास्तुकार और दुनिया का पहला इंजीनियर कहा जाता है। हिंदू धर्म में भगवान विश्वकर्मा को औजार, मशीन, भवन निर्माण के साथ ही शिल्प और तकनीकी कृतियों का देवता माना जाता है। कारखानों, फैक्ट्रियों, दुकानों, कार्यालयों और घरों में भगवान विश्वकर्मा की आराधना होती है। हर साल 17 सितंबर को उनकी जयंती और पूजा की जाती है। इस दौरान आयोजन समिति ने बुलेटिन संपादक का पटका एवं माला पहनाते हुए स्वागत किया। कार्यक्रम में बाबूराम पांचाल, गुरुदत्त आर्य, वेदप्रकाश धीमान, नरेश विश्वकर्मा, जगदीश पांचाल, मुकेश धीमान, देशपाल पांचाल, अश्वनी, ब्रजेश, अशोक, प्रदीप, प्रवीण, उमेश, प्रमोद, संदीप, स. बलविन्द्र सिंह, मोहन सिंह आदि उपस्थित रहे।

बुकमैन इंडिया पर धूमधाम से मनी भगवान विश्वकर्मा जयंती

मुजफ्फरनगर, 17 सितंबर (बु.)। बुधवार को भोपा रोड स्थित बुकमैन इंडिया कम्पनी पर धूमधाम से विश्वकर्मा जयंती उत्सव मनाया गया, जहां कम्पनी प्रांगण में विश्वकर्मा पूजन विधि विधान से किया गया। कम्पनी के सभी सहयोगी कर्मचारी पूजन में मौजूद रहे।

पूजन के उपरान्त सभी ने भोजन प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर बुलेटिन सम्पादक अंकुर दुआ, पूर्व जिलाध्यक्ष सपा प्रमोद त्यागी, बुकमैन इंडिया परिवार के रमेश चन्द गुप्ता, तरुण, संदीप, आशिमा, टीना एवं समस्त बुकमैन परिवार व दूसरी तरफ अतिथिगण में प्रमोद त्यागी, अनिल आनन्द, सुरेश त्यागी, गोवर्धन दास, संदीप दास (शुकतीर्थ), विधायक मिथलेश पाल, बुलेटिन सम्पादक अंकुर दुआ, बसंत गोयल आदि उपस्थित रहे।

बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पुत्र रोहित शर्मा व पुत्रवधू श्रीमती नेहा शर्मा पत्नी रोहित शर्मा आपसी घरेलू विवाद के कारण, जनवरी 2025 से मेरा घर छोड़कर चले गये थे, तब से वे मेरे कहने-सुनने में नहीं हैं। तभी से मेरा व मेरे परिवार का रोहित शर्मा व नेहा शर्मा से कोई मतलब-वास्ता नहीं है। मैंने व मेरे परिवार ने रोहित शर्मा व नेहा शर्मा से अपने सम्बन्ध कतई समाप्त कर लिये हैं। उन दोनों के किसी भी कृत्य अथवा लेन-देन आदि से भविष्य में मेरा व मेरे परिवार का कोई लेना-देना नहीं है। मैं अपने पुत्र रोहित शर्मा व पुत्रवधू नेहा शर्मा को अपनी चल व अचल सम्पत्ति से कतई बेदखल करता हूँ।

विनय शर्मा पुत्र श्री विशम्बर शर्मा
निवासी-गुलशन विहार, अलमासपुर, मुजफ्फरनगर
हाल निवास- बुढ़ाना मोड़, ग्राम-खांजापुर,
थाना कोतवाली, जिला- मुजफ्फरनगर

प्रसिद्ध उद्यमी भीम सैन कंसल ने तुलसी पार्क के जीर्णोद्धार के लिए ग्यारह हजार का दिया योगदान

मुजफ्फरनगर, 17 सितंबर (बु.)। शहर के जाने-माने उद्यमी और समाजसेवी भीम सैन कंसल ने शहर की सुंदरता और हरियाली को बढ़ावा देने के लिए एक सराहनीय पहल की है। उन्होंने तुलसी पार्क के जीर्णोद्धार के लिए अपनी ओर से ग्यारह हजार रुपये का महत्वपूर्ण योगदान दिया है। तुलसी पार्क, जो कि शहर के प्रमुख पार्कों में से एक है, श्री कंसल ने इसके नवीनीकरण का जिम्मा उठाया। उनका यह योगदान पार्क में नई बेंच, बेहतर लाइटिंग, और सुंदर फूलों की क्यारियाँ बनाने में इस्तेमाल किया जाएगा।

विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन: 65 रक्तवीरों ने किया रक्तदान

- भारत विकास परिषद् 'संकल्प' ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिन पर मनाई 'हीरक जयंती'

मुजफ्फरनगर, 17 सितंबर (बु.)। भारत विकास परिषद् 'संकल्प' ने भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री, नरेंद्र दामोदर दास मोदी के 75वें जन्मदिन के शुभ अवसर पर एक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया। यह शिविर प्रधानमंत्री के प्रति सम्मान और राष्ट्र के प्रति सेवा की भावना का प्रतीक बना। शिविर में कुल 65 रक्तवीरों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया, जिसका उद्देश्य दूसरों के जीवन को बचाना और सुरक्षित करना था। इस पुनीत कार्य के साथ ही, संगठन के सदस्यों ने प्रधानमंत्री के 75 वर्ष पूरे होने की खुशी में एक विशेष समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम के दौरान, एक विशाल केक काटकर प्रधानमंत्री की 'हीरक जयंती' को धूमधाम से मनाया गया। यह समारोह प्रधानमंत्री मोदी के कटआउट के सामने आयोजित किया गया, जिसमें सभी उपस्थित लोगों ने हर्षोल्लास के साथ भाग लिया। इस अवसर पर कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे, जिन्होंने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। मुजफ्फरनगर बुलेटिन के संपादक और भारतीय प्रेस के सदस्य, अंकुर दुआ ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। उनके साथ विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रसिद्ध उद्योगपति भीम कंसल क्षेत्रीय संगठन मंत्री शरत चंद्रा उपस्थित थे। कार्यक्रम में प्रांतीय महामंत्री अरुण खंडेलवाल भी शामिल हुए, जिन्होंने इस महत्वपूर्ण आयोजन को सफल बनाने में अपना योगदान दिया। भारत विकास परिषद् 'संकल्प' ने यह साबित कर दिया कि राष्ट्र सेवा और समाज कल्याण के कार्यों के माध्यम से ही सच्ची देशभक्ति का प्रदर्शन किया जा सकता है। यह रक्तदान शिविर न केवल प्रधानमंत्री के जन्मदिन का एक यादगार हिस्सा बना, बल्कि इसने समाज में रक्तदान के महत्व के प्रति जागरूकता भी फैलाई।

किसी एक पार्टी के नहीं देश के होते हैं प्रधानमंत्री : अंकुर दुआ

- जरूरतमंदों तक समय पर खून नहीं पहुंचता, वितरण प्रणाली और नेटवर्क की कमी : भीम कंसल

मुजफ्फरनगर, 17 सितंबर, (बु.)। बुलेटिन संपादक अंकुर दुआ ने कहा कि प्रधानमंत्री किसी पार्टी का नहीं बल्कि देश का प्रधानमंत्री होता है। आज उनके जन्मदिन के अवसर पर किए जा रहे इस पुनीत कार्य की जितनी भी प्रशंसा की जाये वो कम है। उन्होंने जानकारी सांझा करते हुए कहा कि अमूमन देखा जाता है कि जब खून की आवश्यकता पड़ती है, तो गरीब को इसकी व्यवस्था करने में सबसे ज्यादा परेशानी होती है। गरीब खून भी दान करता है और उसको मिलता भी नहीं है, जो कि बड़ी गंभीर समस्या भी है। उन्होंने इस गंभीर समस्या पर चिंता जताते हुए कहा कि देश में लोग बड़े स्तर पर रक्तदान करते हैं, लेकिन यह खून जरूरतमंदों तक समय पर नहीं पहुंच पाता। इसका मुख्य कारण वितरण प्रणाली में खामियां और जरूरतमंदों के लिए खून की उपलब्धता सुनिश्चित करने वाले नेटवर्क की कमी है। उन्होंने कहा कि इस टूटे हुए नेटवर्क को जरूरत मंद तक जोड़ने का काम किया जाएगा और बुलेटिन इसको लेकर अहम कदम उठाएगा और इस पर सभी के साथ मिलकर ये सेवा भी करेगा। इस दौरान उद्यमी भीम कंसल भी मौजूद थे, जिन्होंने बुलेटिन संपादक अंकुर दुआ की बातों को बल देते हुए कहा कि जिस प्रकार अमीरों को खून तुरंत मिल जाता है। इसी प्रकार गरीबों को भी जरूरत पड़ने पर खून की व्यवस्था होनी चाहिए। इस दौरान दोनों ने मिलकर यह आश्वासन दिया कि वे एक ऐसी पहल शुरू करेंगे, जिसके तहत गरीब से गरीब व्यक्ति को भी जरूरत पड़ने पर खून आसानी से उपलब्ध हो सके। उन्होंने कहा कि उनका लक्ष्य एक ऐसा मजबूत नेटवर्क बनाना है, जो आपातकालीन स्थिति में तुरंत प्रतिक्रिया दे सके और खून की कमी से किसी की जान न जाए। अंकुर दुआ ने कहा, "हमारी कोशिश रहेगी कि हम लोगों को केवल रक्तदान करने के लिए प्रेरित न करें, बल्कि यह भी सुनिश्चित करें कि दान किया गया खून सही व्यक्ति तक सही समय पर पहुंचे। यह एक सामाजिक जिम्मेदारी है, जिसे हम मिलकर उठाएंगे।" इस नई पहल से स्वास्थ्य सेवाओं में एक बड़ा बदलाव आने की उम्मीद है, खासकर उन लोगों के लिए जो आर्थिक रूप से कमजोर होने के कारण खून जैसी बुनियादी जरूरत को पूरा करने में भी असमर्थ रहते हैं। इस दौरान कार्यक्रम के संयोजक दिनेश गर्ग, अभिषेक जैन, गोपाल गर्ग के साथ सुभाष चंद्र गुप्ता, विष्णु स्वरुप अग्रवाल, महेंद्र नाथ अरोरा, अवनीश गोयल, लोकेश चंद्रा, शिशुकांत गर्ग, डॉ. अमित मित्तल, डॉ. सार्थक मित्तल, सौहार्द गर्ग, मनोज अग्रवाल, डॉ. अजय गर्ग,नीरज अग्रवाल, अरुण राजवंशी, गीता तायल आदि का विशेष सहयोग रहा। साथ ही सर्वोदय चैरिटेबल ब्लड सेंटर के सन्नी अग्रवाल, अंशुल सहगल, डॉ. मोहित, सुरेंद्र चौहान,दीपांशु, मीनू आदि के सहयोग से ये विशाल रक्तदान शिविर तुलसीदास धाम में आयोजित किया गया।

सर्राफा बाजार

मुजफ्फरनगर, 17 सितम्बर, (बु.)। मुजफ्फरनगर सर्राफा बाजार के भाव इस प्रकार रहे:-

सोना-	113700	चांदी-	130550
सिक्का-	1500	गिन्नी-	84510

आपका आज का राशिफल

बृहस्पतिवार, 18 सितम्बर, 2025

मेष- परिश्रम से मनोरथ पूर्ण, लाभ का सुयोग, उच्चाधिकारियों से सम्पर्क, आपसी सौहार्द, दूसरों के आश्वासनों से मानसिक राहत, धर्म-अध्यात्म के प्रति आस्था।

वृषभ- चिरवांछित कार्य बनने से प्रसन्नता, व्यक्तिगत परेशानी में कमी, घरेलू समस्याएं सुलझने की ओर, मौज-मस्ती के निमित्त व्यय, धार्मिक स्थलों की यात्रा से मन प्रसन्न।

मिथुन- शुभ भावनाओं का उदय, विचाराधीन योजनाएं कार्यरूप में परिणित, स्वजनों से विचार-विमर्श, प्रतियोगिता में महत्वपूर्ण सफलता, आत्मिक शांति।

कर्क- समय असंतोषजनक, न चाहने के बावजूद भी कार्य अधूरे, व्यावसायिक प्रगति में बाधा, पारस्परिक सम्बन्धों में कटुता, वरिष्ठजनों सलाह अमान्य, सूझबूझ जरूरी।

सिंह- विविध पक्षों में प्रगति, वैमनस्यता का समापन, कर्ज की निवृत्ति, आमोद-प्रमोद के साधन उपलब्ध, समस्याओं के समाधान में मित्र सहायक, परोपकार की भावना।

कन्या- परिश्रम के अनुरूप सफलता, नवयोजना की शुरूआत, किसी आयोजन में सम्मिलित होने का सुअवसर, धनसम्पत्ति विषयक मसला हल, प्रसन्नता का माहौल।

तुला- व्यापार में धन निवेश, मित्रों-परिजनों से विचार-विमर्श, परिवार में उल्लास का वातावरण, शुभ कार्यों में अधिक व्यय, दर्शनीय स्थलों की यात्रा, धन संचय में रुचि।

वृश्चिक- नव समस्याएं उपस्थित, कार्यों में निराशा, स्वास्थ्य में व्यतिक्रम, वाद-विवाद से कष्ट, व्यक्ति विशेष से धोखा की आशंका, मेल-मिलाप में अरुचि, व्यर्थ भ्रमण।

धनु- आरोग्य सुख, अधूरे कार्यों की पूर्ति, मित्रों से विचार-विनिमिय, आपसी सम्बन्धों में मधुरता, व्यापारिक क्षेत्र में प्रगति, आर्थिक लाभ, संत समागम, अध्यात्म में आस्था।

मकर- किसी योजना पर मित्रों से विचार-विमर्श, विवाद का समापन पक्ष में, वैवाहिक जीवन संतोषजनक, आय के नवीन स्रोत उपस्थित, घरेलू वातावरण सुखद।

कुम्भ- पुरुषार्थ से कार्यसिद्धि, कार्य-व्यवसाय में सफलता, जनसम्पर्क का सुयोग, उपस्थित व्यवधान समाप्त, हर्षोल्लास का वातावरण, मंगल कृत्य सम्पादित।

मीन- समय निराशाजनक, लाभ का मार्ग अवरुद्ध, गुप्त चिन्ताओं से स्वास्थ्य प्रभावी, मानसिक कष्ट, प्रतियोगिता में असफलता, बने-बनाये कार्यों में अड़चनें, यात्रा।

विमल जैन, हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न परामर्शदाता, फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्, एस-2/1-76,ए, वर्धन भवन, द्वितीय तल, आकांक्षा हॉस्पिटल के पास, टैगोर टाऊन एक्सटेंशन (महावीर मंदिर टू यू.पी. कालिज रोड) भोजूबीर, वाराणसी-221002 मोबाइल 9335414722

संस्थापक सम्पादक
एवं
हमारे प्रेरणास्रोत्र
स्व. उत्तमचन्द्र शर्मा

मुजफ्फरनगर बुलेटिन

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्रीमति पूजा दुआ ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रातःकालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।
सम्पादक-अंकुर दुआ
(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840
(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929
सम्पादक-9412210257
E-mail :
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com

मुजफ्फरनगर बुलेटिन के कर्मवीरों ने भगवान विश्वकर्मा को किया नमन

मुजफ्फरनगर, 17 सितंबर (बु.)। दैनिक मुजफ्फरनगर प्रेस में भगवान विश्वकर्मा जयंती दिवस पर प्रेस में विधिवत पूजा अर्चना की। सभी इलेक्ट्रॉनिक सामान प्रिंटिंग मशीन से लेकर कैमरा, माइक, कम्प्यूटर, एक्सपोजर आदि सभी उपकरणों पर गंगाजल छिड़ककर तिलक कर पूजा अर्चना व पुष्प अर्चना की गयी। इस दौरान विधि-विधान से पंडित विनोद पाराशर द्वारा मंत्रोच्चारण कराये गए और विश्वकर्मा जी की आरती कर सभी ने भगवान विश्वकर्मा जी को याद किया। इस अवसर पर बुलेटिन सम्पादक ने जानकारी देते हुए बताया कि वास्तव में यदि भगवान विश्वकर्मा न होते तो आज 45 जीएसएम के पेपर पर आपके और हमारे रंगीन चेहरे प्रकाशित होना नामुमकिन था। उन्होंने अपनी पूरी बुलेटिन टीम का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर पूजा अर्चना के दौरान बुलेटिन सम्पादक अंकुर दुआ सपत्नीक मौजूद रहे व उनके साथ उनकी पूरी टीम सोनू, शुभम, सागर, गौरव, केपी आदि मौजूद रहे। दूसरी ओर मुजफ्फरनगर बुलेटिन की टीम से पत्रकार दीपक वत्स, विकास त्यागी, आशीष फोटोग्राफर, अलका शर्मा आदि मौजूद रहे।

अमित मित्तल बने लायन्स क्लब उन्नति के अध्यक्ष व नितिन गोयल सचिव को भव्य शपथ ग्रहण समारोह में दिलाई गई शपथ

मुजफ्फरनगर, 17 सितंबर (बुस.)। लायंस क्लब मुजफ्फरनगर उन्नति का अधिष्ठापन समारोह मूलचंद रिजॉर्ट में अत्यंत गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। बड़ी संख्या में गणमान्य अतिथि, लायंस सदस्य एवं अन्य विशिष्टजन इस अवसर पर उपस्थित रहे। समारोह में लायन अमित मित्तल ने अध्यक्ष का पदभार ग्रहण किया और नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई, जिसमें सदस्यता समिति अध्यक्ष के रूप में पीएमजेएफ लायन अजय अग्रवाल, प्रथम उपाध्यक्ष लायन मनीष जैन, द्वितीय उपाध्यक्ष लायन ममता अग्रवाल, तृतीय उपाध्यक्ष लायन हिमांशु गुप्ता, सचिव लायन नितिन गोयल, संयुक्त सचिव लायन प्रतिभा बंसल, कोषाध्यक्ष लायन दिनेश गर्ग, टेल ट्विस्टर लायन अर्चना जैन और लायन टेमर लायन शिवांगी गर्ग, मनोरंजन चेयरमैन लायन वंदना मित्तल शामिल हैं। इसके अतिरिक्त सदस्यता चेयरपर्सन एवं सेवा चेयरपर्सन लायन राहुल माहेश्वरी, मार्केटिंग एवं कम्युनिकेशन चेयरपर्सन लायन अनिल कंसल, एलसीआईएफ कोऑर्डिनेटर लायन महेश जिंदल, क्वेस्ट चेयरपर्सन लायनेड अनु कर्णवाल तथा निदेशक मंडल में लायन आलोक गुप्ता, लायन आदित्य भरतिया, लायन रोहित सिंगल, लायन रूमा अग्रवाल और लायन डॉ. प्रवेश कुमार को सम्मिलित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि लायन रविंद्र सगर और लायन विनय सिसोदिया (डिस्ट्रिक्ट गवर्नर) रहे। इसके साथ ही लायन विनय मित्तल (इंटरनेशनल डायरेक्टर एंडोर्सी 2026-28), लायन आदित्य गुप्ता, लायन नवीन अग्रवाल, आईपीएडीजी ए.के. मित्तल, पीडीजी लायन कुंज बिहारी अग्रवाल एवं रीजन चेयरपर्सन डॉ. विवेक कुमार की गरिमामयी उपस्थिति भी रही। इस अवसर पर छह नए सदस्यों लायन मुकुल गुप्ता, लायन अनिल गुप्ता, लायन राजकुमार जिंदल, लायन नितिन सिंगल, लायन प्रगति गोयल एवं लायन नेहा गर्ग को शपथ दिलाई गई। समारोह में क्लब का पहला रोस्टर विमोचन भी किया गया, जिसमें गतवर्ष के अध्यक्ष लायन मनीष बंसल के कार्यकाल की उपलब्धियों तथा क्लब की गतिविधियों का विस्तार से उल्लेख किया गया। क्लब ने अपनी स्थायी परियोजना के अंतर्गत समाज सेवा की दिशा में कदम बढ़ाते हुए पाँच कंप्यूटर एवं दो सिलाई मशीनें प्रदान कीं। इसके साथ ही शिक्षक सम्मान समारोह भी आयोजित किया गया, जिसमें चार शिक्षकों नीलम (प्राचार्या, एसडी पब्लिक स्कूल), प्रवीन शर्मा (प्राचार्य, डीएवी इंटर कॉलेज), पूनम गोयल (सरकारी अध्यापिका) एवं सपना मित्तल (सरकारी अध्यापिका) को सम्मानित किया गया। समारोह की गरिमा में चार पूर्व अध्यक्षों लायन अमित गर्ग, लायन अतुल ऐरन, लायन निखिल मित्तल एवं लायन रेनू गुप्त की उपस्थिति ने चार चाँद लगाए। इनके साथ ही लायन मुकुल गोयल, लायन राजेश मित्तल, लायन आलोक गुप्ता, लायन रोहित सिंगल, लायन शिशिर संगल, लायन राजीव माहेश्वरी, लायन कपिल गर्ग आदि सहित मुजफ्फरनगर के अन्य सभी क्लबों के गणमान्य सदस्य भी उपस्थित रहे। पूरे समारोह का मंच संचालन अत्यंत प्रभावी एवं गरिमामय ढंग से लायन अजय अग्रवाल एवं लायन रीना अग्रवाल द्वारा किया गया। अंत में उपस्थित सभी अतिथियों एवं सदस्यों ने नवगठित कार्यकारिणी को शुभकामनाएँ दीं और विश्वास व्यक्त किया कि आने वाले वर्ष में क्लब नई बुलंदियाँ छुएगा तथा समाज सेवा की दिशा में उल्लेखनीय योगदान देगा। अंत में सभी ने क्लब द्वारा आयोजित रात्रिभोज का आनंद लिया।

श्री विश्वकर्मा पांचाल मानव सेवा संस्थान पर धूमधाम से मनाया गया विश्वकर्मा भगवान का पूजन दिवस

मुजफ्फरनगर, 17 सितम्बर (बुस.)। श्री विश्वकर्मा पांचाल मानव सेवा संस्थान द्वारा बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। पंडित द्वारा भगवान श्री विश्वकर्मा के पूजन में यज्ञ का आयोजन किया गया तथा भगवान श्री विश्वकर्मा की आरती की गई। साथ ही भगवान श्री विश्वकर्मा दिवस क्यों मनाते हैं, इसकी जानकारी दी गई। बहुत से लोग इस दिन को जन्म दिवस के रूप में भी मानते हैं, जो कि गलत है। यह दिवस भगवान श्री विश्वकर्मा पूजा दिवस कहलाता है। भगवान श्री विश्वकर्मा जी आदि कालीन अथर्ववेद संहिता के सिद्धांतों के अनुसार अभियांत्रिकी विद्या के कर्तात्मक वैज्ञानिक इंजीनियर हुए हैं, जिन्होंने इस पृथ्वी पर सर्वप्रथम निर्माण और उत्पादन कार्य प्रारंभ किया था, जिस कारण इनको अभियांत्रिकी ज्ञान का देवता माना जाता है और पूजा जाता है। हालांकि भगवान श्री विश्वकर्मा जी की आदि काल से पूजा कार्तिक शुक्ल प्रतिपदा (गौधन पूजन वाले दिन) को विश्वकर्मा वंशज परिवारों में होती आ रही है, लेकिन आजकल 17 सितंबर को भी अन्य सभी हिंदू समाज के लोग अपने कारखानों और निर्माण कार्य स्थलों पर इस पूजा को करने लगे हैं, इसका कारण यह है कि 17 सितंबर 1943 को कलकत्ता के हुगली नदी पर बने पुल का निर्माण शुरू हुआ था, जिस कारण वहां कार्य शुरू करने से पूर्व कारीगरों ने भगवान श्री विश्वकर्मा जी की पहले पूजा की थी। इसके बाद बंगाल और बिहार में स्थित हेवी इंजीनियरिंग कारखानों में भी यह पूजा 17 सितंबर को की जाने लगी। इस आयोजन में सैकड़ों की तादाद में लोगों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इस अवसर पर बिशम्बर सिंह पांचाल, विजेंद्र कुमार पांचाल, सुरेंद्र पांचाल, मांगेराम पांचाल, अमर पांचाल, अमिष पांचाल, अवि पांचाल, विक्रांत पांचाल, नरेश नेता, पवन पांचाल, परवीन पांचाल, नरेंद्र पांचाल, शिवबलि विश्वकर्मा, सुरेश त्यागी, धर्मेंद्र पांचाल, ब्रजपाल सिंह, राधेश्याम, सतीश पांचाल, ओमकार सिंह, रोहित पाटिल, राधेलाल चौहान, उमेश चौरसिया, अंजू पांचाल, सानिया पांचाल, बीरमती आदि उपस्थित रहे।

किशोरी को अगवा कर दुष्कर्म, पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार

चरथावल, 17 सितम्बर (बु.)। किशोरी को अगवा कर दुष्कर्म के मामले में फरार चल रहे आरोपित को पुलिस ने सरधना से गिरफ्तार कर अगवा की गई किशोरी को बरामद कर लिया गया। पिता द्वारा आरोपित के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया गया था। चरथावल थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति द्वारा दर्ज कराये मुकदमे में बताया गया कि उसकी 14 वर्षीया पुत्री को मौहल्ला खैबान कस्बा सरधना जनपद मेरठ निवासी अजय बहला-फुसलाकर भगा ले गया था। चरथावल थाना प्रभारी जसवीर सिंह ने बताया उपनिरीक्षक कौशलेंद्र प्रताप, कांस्टेबल दीपक सैनी, दीपक कुमार आदि ने कि बुधवार को मुखबिर की सूचना पर आरोपित अजय पुत्र सोमपाल निवासी मौहल्ला खैबान कस्बा सरधना जनपद मेरठ से गिरफ्तार कर किशोरी को बरामद किया। आरोपित को किशोरी को अगवा कर दुष्कर्म व पोक्सो एक्ट के मामले में गिरफ्तार किया गया है। अन्य वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

वयोवृद्ध नागरिक सम्मान से सम्मानित की गई 98 वर्षीया निर्मला रस्तौगी

मीरापुर, 17 सितम्बर (बु.)। श्री रामलीला मंडल मीरापुर (पुराना रामलीला बाजार) ने समाजसेवी शशिकांत रस्तौगी व प्रियकान्त रस्तौगी की माता श्रीमति निर्मला रस्तौगी पत्नी स्व. महावीर रस्तौगी (98 वर्ष) को प्रशस्ति-पत्र देकर व शॉल ओढ़ाकर वयोवृद्ध नागरिक सम्मान से सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि नीरज जैन व श्री रामलीला मण्डल के अध्यक्ष पंकज संगल व लता संगल ने उन्हें सम्मानित किया। इस दौरान श्री रामलीला मण्डल के अध्यक्ष पंकज संगल ने कहा कि श्री रामलीला मण्डल द्वारा प्रत्येक वर्

1973-2025

सम्पादक की क़लम से

प्रधानमन्त्री मोदी के जन्मदिन पर कई कार्यक्रम

प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी का कल 75वां जन्मदिन मनाया गया। मोदी को उनके जन्मदिन पर दुनिया भर से बधाईयां मिल रही है। राहुल गांधी ने भी एक्स पर एक पोस्ट के जरिए पीएम को जन्मदिन और बेहतर स्वास्थ्य की शुभकामनाएं दीं। भाजपा ने भी मोदी की कहानी के शॉर्ट वीडियो शेयर किए हैं। इसे मोदी स्टोरी नाम दिया है। राजनाथ सिंह, अमित शाह, जेपी नड्डा सहित कई सीनियर नेताओं ने पीएम से जुड़े किस्से सुनाए हैं। भाजपा ने देशभर में दो हफ्ते का सेवा पखवाड़ा शुरू किया है। इस दौरान कई राज्यों में नमो युवा रन और रक्तदान शिविर आयोजित किए जाने हैं। बिहार भाजपा, राज्य में 50 हजार जगहों पर पीएम मोदी पर बनी शॉर्ट फिल्म दिखाएगी। मुख्यमन्त्री योगी आदित्यनाथ ने एक्स पर लिखा कि दुनिया के सबसे लोकप्रिय राजनेता, पीएम मोदी जी के 75वें जन्मदिन पर आज लखनऊ में सेवा पखवाड़े का शुभारंभ किया। पीएम मोदी के 75वें जन्मदिन पर आध्यात्मिक गुरु जगद्गुरु रामभद्राचार्य ने कहा कि मोदी की सफलता के पीछे सबसे बड़ा कारण समय का सम्मान है। विकसित भारत उनका काम है। नरेंद्रभाई मोदी के साथ मेरी दोस्ती उस समय से है, जब आडवाणी जी ने रथ यात्रा निकाली थी, जब हम मिलते हैं, तो यह दो दोस्तों के बीच की मुलाकात होती है, यह प्रधानमंत्री और जगद्गुरु के रूप में नहीं होती है, जब भी हम मिलते हैं, यह राष्ट्र के संदर्भ में होता है। पीएम नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के मौके पर अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में मेगा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है। यहां एक ही दिन में 5 लाख यूनिट से ज्यादा रक्त एकत्र किया गया। गृहमंत्री अमित शाह ने माय मोदी स्टोरी के साथ कुछ किस्से शेयर किए हैं। उन्होंने कहा राजकोट की यात्रा का वह प्रसंग, जब मोदी जी ने यह संवेदनशील सीख दी कि संगठन में स्वयं से पहले कार्यकर्ताओं का ध्यान रखना चाहिए। उनकी वह सीख आज मेरे जीवन का अभिन्न हिस्सा बन गई है। विश्वास, अपनापन और समर्पण, यही संगठन की आत्मा है और यही मोदी जी की सबसे बड़ी शिक्षा है। इटली की प्रधानमन्त्री जॉर्जिया मेलोनी ने भारत के प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी को उनके 75वें जन्मदिन की शुभकामनाएं दी हैं। जॉर्जिया मेलोनी ने पीएम मोदी के साथ अपनी एक तस्वीर एक्स पर शेयर करते हुए लिखा कि भारत के पीएम नरेंद्र मोदी की शक्ति, उनका संकल्प और लाखों लोगों का नेतृत्व करने की उनकी क्षमता प्रेरणा का स्रोत है। मित्रता और सम्मान के साथ, मैं उनके स्वास्थ्य और ऊर्जा की कामना करती हूं, ताकि वे भारत को एक उज्ज्वल भविष्य की ओर ले जा सकें और इटली-भारत के बीच संबंधों को और मजबूत कर सकें। इसराइल के प्रधानमन्त्री बिन्यामिन नेतन्याहू ने भी पीएम मोदी को एक वीडियो संदेश के जरिए शुभकामनाएं दीं। नेतन्याहू ने कहा कि मेरे अच्छे दोस्त प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी को जन्मदिन की बहुत सारी शुभकामनाएं। पीएम मोदी को दुनियाभर के कई नेताओं ने जन्मदिन की शुभकामनाएं दी हैं। इनमें डोमिनिका के प्रधानमंत्री रूजवेल्ट स्केरिट, भूटान के पीएम शेरिंग तोबगे, ऑस्ट्रेलियाई पीएम एंथनी अल्बनीज, न्यूजीलैंड के पीएम क्रिस्टोफर लक्सन भी शामिल हैं। इनके अलावा अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पीएम मोदी को फोन पर जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। राहुल गांधी ने भी एक्स पर एक पोस्ट के जरिए पीएम को जन्मदिन और बेहतर स्वास्थ्य की शुभकामनाएं दीं। कई राज्यों में नमो युवा रन और रक्तदान शिविर आयोजित किए जाने हैं। बिहार भाजपा, राज्य में 50 हजार जगहों पर पीएम मोदी पर बनी शॉर्ट फिल्म दिखाएगी। शाहरुख खान ने पीएम मोदी के जन्मदिन पर वीडियो जारी कर उन्हें शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि 75 साल की उम्र में भी पीएम की ऊर्जा हमसे ज्यादा है। मुख्यमन्त्री योगी आदित्यनाथ ने एक्स पर लिखा कि दुनिया के सबसे लोकप्रिय राजनेता, पीएम मोदी जी के 75वें जन्मदिन पर आज लखनऊ में सेवा पखवाड़ा का शुभारंभ किया। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिन के अवसर पर सेवा पखवाड़ा में भाग लिया। उन्होंने कहा- बस्तियों में कई तरह के चिकित्सा शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। हम एक नया अभियान शुरू कर रहे हैं और गर्भवती महिलाओं को एक किट प्रदान कर रहे हैं, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि उन्हें गर्भावस्था के शुरूआती 3-4 महीनों और बच्चे के जन्म के बाद कुछ महीनों तक उचित पोषण मिले। हमने अपने इलाके में एक अभियान चलाया और नगर निगम के स्कूलों की लड़कियों को सैनिटरी पैड उपलब्ध कराए। यह परियोजना पूरे मुंबई में सभी नगर निगम स्कूलों की लड़कियों के लिए शुरू की जा रही है। हम आज से 2 अक्टूबर को महात्मा गांधी के जन्मदिन तक, पूरे उत्तरी मुंबई में 15 दिनों तक यह सेवा पखवाड़ा मनाएंगे। अखिलेश यादव ने भी बधाई दी, लिखा, सकारात्मक जीवन की शुभकामनाएं। प्रधानमन्त्री श्री नरेंद्र मोदी जी को स्वस्थ, सार्थक, सौहार्दपूर्ण, समावेशी, सकारात्मक जीवन की शुभकामनाओं के साथ जन्मदिन की हार्दिक बधाई। इटली की प्रधानमन्त्री जॉर्जिया मेलोनी ने भारत के प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी को उनके 75वें जन्मदिन की शुभकामनाएं दी हैं। जॉर्जिया मेलोनी ने पीएम मोदी के साथ अपनी एक तस्वीर एक्स पर शेयर करते हुए लिखा कि भारत के पीएम नरेंद्र मोदी की शक्ति, उनका संकल्प और लाखों लोगों का नेतृत्व करने की उनकी क्षमता प्रेरणा का स्रोत है। मित्रता और सम्मान के साथ, मैं उनके स्वास्थ्य और ऊर्जा की कामना करती हूं, ताकि वे भारत को एक उज्ज्वल भविष्य की ओर ले जा सकें और इटली-भारत के बीच संबंधों को और मजबूत कर सकें। इसराइल के प्रधानमन्त्री बिन्यामिन नेतन्याहू ने भी पीएम मोदी को एक वीडियो संदेश के जरिए शुभकामनाएं दीं। नेतन्याहू ने कहा कि मेरे अच्छे दोस्त प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी को जन्मदिन की बहुत सारी शुभकामनाएं। हम दोनों भारत और इसराइल की दोस्ती को नए स्तर पर ले गए है। पीएम मोदी को दुनियाभर के कई नेताओं ने जन्मदिन की शुभकामनाएं दी हैं। इनमें डोमिनिका के प्रधानमंत्री रूजवेल्ट स्केरिट, भूटान के पीएम शेरिंग तोबगे, ऑस्ट्रेलियाई पीएम एंथनी अल्बनीज, न्यूजीलैंड के पीएम क्रिस्टोफर लक्सन भी शामिल हैं। इनके अलावा अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पीएम मोदी को फोन पर जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं।

चार तीर

सुनील उत्सव

'आकाश' 'खूबियां' 'भाषण' 'मैदान'

बाप ने तो जैसे तैसे छू लिया आकाश को,
खूबियां मिलती नहीं नेताओं की संतान में।
इनके भाषण सुन के लगता है हमें जैसे कि ये,
बेवकूफी के सहारे आ गए मैदान में।

पालिका में दूसरे दिन भी काम बंद, आउटसोर्स कर्मी लौटे वापस

- ईओ, लेखाकार, टीएस समेत अन्य अफसरों ने शुरू किया काम - अब सफाईकर्मियों पर निगाह, अफसर बनाम कर्मी का टकराव

मुजफ्फरनगर, 17 सितम्बर (बु.)। पालिका परिषद् में वेतन विवाद की आड़ में शुरू वर्चस्व की जंग तेज होने लगी है। कर्मियों की काम बंद हड़ताल दूसरे दिन बुधवार को भी टाउनहाल परिसर में जारी रही, लेकिन दूसरे दिन कर्मचारी संगठन की जंग कमजोर होती दिखाई दी। पालिका दफ्तरों पर लगाये ताले जहां दूसरे दिन खुल गए, वहीं इन दफ्तरों में काम होता दिखाई दिया। इस हड़ताल में पहले दिन शामिल आउटसोर्स कर्मियों ने भी हड़ताल से किनारा करते हुए अपना काम शुरू कर दिया, वहीं अधिकारी विभागीय कामकाज निपटाते नजर आये। इस बीच पालिका में कार्यरत एक चतुर्थ श्रेणी महिला कर्मी ने धरने पर ही संगठन को आइना दिखाते हुए आंदोलन को कमजोर करने में आग में घी का काम किया, जिसे वहां मौजूद कर्मियों ने दबी जुबां में स्वीकार भी किया। उधर, संगठन ने चेतावनी दी है कि वेतन नहीं तो काम नहीं की नीति पर अब आंदोलन को नई धार देंगे और हड़ताल में सफाई कर्मचारी संगठनों का साथ उन्हें मिलेगा। नगरपालिका परिषद् में विशेष जांच के लिए आई ऑडिट टीम को सहयोग न करने, पत्रावलियां व दस्तावेज उपलब्ध नहीं कराने और पत्रावलियों को गायब करने के मामले में ऑडिट टीम प्रभारी की शिकायत के बाद ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह ने दो अधिकारियों और कुछ लिपिकों का वेतन अग्रिम आदेशों तक रोका हुआ है, इसके अलावा ड्यूटी के प्रति लापरवाही बरतने, आदेशों की अवहेलना व लगातार बिना बताये अवकाश पर चले जाने के मामलों

में कुछ कर्मियों के वेतन से कटौती और वेतन रोकने के आदेश दिये थे। इसमें स्वायत्त शासन कर्मचारी संगठन शाखा अध्यक्ष ब्रजमोहन व महामंत्री सुनील वर्मा ने कर्मियों के उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए मंगलवार से पालिका के सभी विभागों में कर्मचारियों ने संगठन के आह्वान पर हड़ताल शुरू कर दी। बुधवार को कर्मचारियों ने हड़ताल की और काम बंद रहा, लेकिन दूसरे दिन ही कर्मचारियों की यह हड़ताल कमजोर पड़ती दिखाई दी। पहले दिन जहां पालिका में कार्यालयों में ताले लटके नजर आये, वहीं बुधवार को ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह की सख्ती के कारण कार्यालय खुले दिखे। ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह ने दो लिपिकों अभिषेक उटवाल व राजीव वर्मा सहित लेखाकार प्रीति रानी को भी नोटिस जारी करते हुए जवाब तलब किया है, इसके साथ ही पालिका में आउटसोर्स पर काम कर रहे 13 कर्मियों के हड़ताल में शामिल रहने पर आपूर्ति एजेंसी अजय ट्रेडर्स को भी नोटिस जारी करते हुए कार्यवाही की चेतावनी दी। इसका असर यह हुआ कि बुधवार को सभी 13 कर्मचारी जो कम्प्यूटर ऑपरेटर के रूप में विभिन्न विभागों में कार्य कर रहे हैं, अपने काम पर लौट आये। मुख्य कार्यालय सहित अन्य सभी कार्यालयों के ताले खुले व ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह के साथ लेखाकार प्रीति रानी, टीएस पारूल यादव, राजस्व निरीक्षक के साथ अन्य अधिकारी भी अपने कार्यालय में उपस्थित रहे। संगठन अध्यक्ष ब्रजमोहन व महामंत्री सुनील वर्मा ने कर्मचारियों के साथ धरना जारी रखा। धरने पर मौजूद पदाधिकारियों ने कहा कि नगर पालिका प्रशासन अपनी हठधर्मी दिखा रहा है। हमारी समस्या के समाधान के लिए काम नहीं किया, न ही कोई वार्ता की। संगठन आरपार की लड़ाई के लिए भी तैयार है। नोटिस भेजकर डराया जा रहा है, हम डरने वाले नहीं है, अध्यक्ष ब्रजमोहन ने कहा कि सफाई कर्मचारी संगठनों से भी हमें समर्थन मिल रहा है, यह बेमियादी धरना जारी रहेगा।

भाजपा कार्यालय पर रक्तदान के साथ मनाया मोदी जी का जन्म दिवस

मुजफ्फरनगर, 17 सितम्बर (बु.)। गांधीनगर भारतीय जनता पार्टी कार्यालय पर बुधवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के 75 वें जन्म दिवस पर सेवा पखवाड़े के रूप में शुभारंभ किया गया। इस कड़ी में पार्टी कार्यालय पर भाजपा युवा मोर्चा द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में युवाओं ने रक्तदान किया। पार्टी कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भूपेन्द्र चौधरी भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने शिविर का शुभारम्भ किया जिसमें सूर्यप्रकाश पाल जिला प्रभारी, डॉ. सुधीर सैनी जिलाध्यक्ष, डॉ. वीरपाल निर्वाल, जिला पंचायत अध्यक्ष, डॉ. संजीव बालियान पूर्व मंत्री, उमेश मलिक, प्रमोद उटवाल एवं अशोक कंसल पूर्व विधायक, देवव्रत त्यागी, विजय शुक्ला, सुरेन्द्र देव शर्मा, पूर्व जिला अध्यक्ष, सपना कश्यप महिला आयोग सदस्य आदि मौजूद रहे। पार्टी कार्यालय पर आयोजित इस कार्यक्रम में जिला संयोजक रोहताश पाल, कार्तिक काकरान जिलाध्यक्ष युवा मोर्चा, कार्यक्रम संयोजक रजत त्यागी महामंत्री युवा मोर्चा, श्याम रहेजा, ओम सिंह मोतला, यश गोयल, श्रषभ शर्मा, आदेश कुमार, राहुल चौहान, नवनीत गुप्ता, प्रशांत, कृत्यांश समेत अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

प्रदेश अध्यक्ष भाजपा भूपेंद्र सिंह चौधरी ने चित्र प्रदर्शनी का उद्घाटन किया

- 17 सितंबर से 02 अक्तूबर तक आयोजित सेवा पर्व प्रदर्शनी में विकसित प्रदेश की झलक देख सकेंगे जनपदवासी।

मुजफ्फरनगर, 17 सितंबर (बुस.)। सेवा पर्व के अवसर पर सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग द्वारा जीआईसी ग्राउंड में चित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। सेवा पर्व के अवसर पर सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग द्वारा जीआईसी ग्राउंड में चित्र प्रदर्शनी का जनपदवासियों का भरपूर ध्यान आकर्षित किया है। चित्र प्रदर्शनी 17 सितंबर से प्रारंभ होकर 02 अक्तूबर तक लगी रहेगी। चित्र प्रदर्शनी का उद्देश्य आम नागरिकों को भारत सरकार एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से जोड़ना और उन्हें सेवा कार्यों में सक्रिय भागीदारी हेतु प्रेरित करना है। भव्य चित्र प्रदर्शनी का उद्घाटन सदस्य विधान परिषद, (पूर्व मंत्री) उत्तर प्रदेश सरकार, प्रदेश अध्यक्ष भाजपा भूपेंद्र सिंह चौधरी ने फीता काटकर शुभारंभ किया। चित्र प्रदर्शनी में प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वास्थ्य और कृषि क्षेत्र, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत, किसान सम्मान निधि, महिला सशक्तीकरण, स्टार्टअप एवं स्वरोजगार सहित शिक्षा से जुड़ी तमाम योजनाओं की विस्तृत जानकारी रोचक चित्रों के माध्यम से दी जा रही है। अपर जिला सूचना अधिकारी ने बताया कि यह प्रदर्शनी 17 सितंबर से 02 अक्टूबर तक आयोजित होगी। 02 अक्टूबर को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जयंती पर विशेष कार्यक्रम होंगे। इस विशेष प्रदर्शनी में अधिक से अधिक संख्या में विद्यार्थी, युवा, किसान, महिलाएं सभी आकर योजनाओं की जानकारी ले सकते हैं एवं विकसित उत्तर प्रदेश विजन डॉक्यूमेंट हेतु अपने सुझाव भी दे सकते हैं। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. वीरपाल निर्वाल, महिला आयोग सदस्य सपना कश्यप, पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. संजीव कुमार बालियान, जिला अध्यक्ष भाजपा सुधीर सैनी, मुख्य विकास अधिकारी कंडारकर कमल किशोर देशभूषण, पूर्व जिला अध्यक्ष विजय शुक्ला, मीडिया प्रभारी भाजपा अर्चित मित्तल, जिला संयोजक भाजपा रक्षित नामदेव, बाल कल्याण समिति के सदस्य डॉ. राजीव कुमार, सहित जनप्रतिनिधिगण एवं मीडिया बंधु उपस्थित रहे।

भूपेन्द्र चौधरी बोले, जिस प्रकार आबादी का संतुलन बिगड़ा है वह हम सबके लिए चुनौती

- सरकार की उपलब्धियों के साथ दिए बदलाव के संदेश - महिला सुरक्षा के साथ तीन तलाक से मिला अधिकार

मुजफ्फरनगर, 17 सितम्बर (बु.)। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने बुधवार को नगर मुख्यालय पर मीडिया से वार्ता करते हुए जगतगुरू रामभद्राचार्य के पश्चिमी उत्तर प्रदेश को मिनी पाकिस्तान बताने वाले बयान पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि जिस प्रकार से आबादी का संतुलन बिगड़ा है, वह हम सबके लिए एक बड़ी चुनौती है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह लड़ाई व्यक्तिगत नहीं, बल्कि विचारधारा की लड़ाई है, जिसमें हर नागरिक को देश की संवैधानिक व्यवस्था के तहत अपने धर्म, जाति और विचारों से जीवन यापन करने का अधिकार है। पूर्व मंत्री भूपेंद्र चौधरी ने विपक्ष द्वारा लगाए जा रहे वोट चोरी के आरोपों पर तीखा हमला करते हुए कहा कि वोट चोरी की सच्चाई सबके सामने है। उन्होंने याद दिलाया कि पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी 1971 के रायबरेली लोकसभा चुनाव में वोट चोरी की दोषी पाई गई थीं, जिसके बाद माननीय उच्च न्यायालय ने उनके चुनाव को निरस्त कर दिया था और उनके चुनाव लड़ने पर रोक भी लगाई गई थी। उन्होंने कहा कि वोट चोरी में जिन लोगों को कोर्ट ने दोषी माना, वे लोग आज निगेटिव प्रचार कर रहे हैं। देश की जनता सब जानती है कि वोट चोर कौन है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्म दिवस पर भाजपा द्वारा चलाए जा रहे सेवा पखवाड़े के तहत उन्होंने कहा कि योगी जी के नेतृत्व में पिछले 9 वर्षों में यूपी में अपराध व अराजकता पर सख्त कार्रवाई की है। यूपी सरकार बगैर किसी भेदभाव के सभी दोषियों के खिलाफ विधिसम्मत कार्रवाई कर रही है। उन्होंने कहा कि पूर्व सरकारें वोट बैंक की राजनीति में लगी रहती थीं, जिसके कारण कानून व्यवस्था चरमरा गई थी। लेकिन आज की सरकार ने पूरे प्रदेश में शांति व सुरक्षा सुनिश्चित की है। उन्होंने बूथ कैप्चरिंग, वोटिंग में अराजकता समेत अन्य अव्यवस्थाओं की बात करते हुए कहा कि ये सब अब समाप्त हो चुके हैं। जनता जानती है कि कौन अराजकता, बूथ कैप्चरिंग व जनता के अधिकारों का हनन करता था। वर्तमान में महिलाओं की सुरक्षा पर हमारी सरकार महिलाओं को आत्मनिर्भर और सुरक्षित बनाने के लिए हरसंभव कदम उठा रही है। तीन तलाक बिल जैसी महत्वपूर्ण कानून व्यवस्था लागू कर मुस्लिम बहनों के अधिकार सुरक्षित किए गए हैं। उन्होंने आश्वासन दिया कि दोषियों के खिलाफ भी कठोर कार्रवाई की जाएगी, ताकि ऐसी घटनाएं पुनः न हों सकें और लोग अपने कृत्य पर कई बार सोचें। बुधवार को जनपद दौरे पर पहुंचे भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी का यह बयान राजनीतिक विवादों और समाज के मुद्दों पर पूरी तरह से केंद्रित रहा, जिसमें उन्होंने सरकार की उपलब्धियों के साथ विपक्ष पर निशाना साधने के साथ वर्तमान राजनीतिक क्षेत्र का सच उजागर करने की पहल की।

राशन डीलर के खिलाफ धरना प्रदर्शन, डीलर को हटाने की मांग

भोपा, 17 सितम्बर (बु.)। थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत सीकरी के मजरा योगेंद्र नगर में ग्रामीणों ने स्थानीय राशन डीलर के खिलाफ धरना-प्रदर्शन करते हुए राशन डीलर को उसके पद से हटाने की मांग की। कार्रवाई ना होने पर शुक्रवार को जिला अधिकारी कार्यालय पर भ्रष्ट डीलर के खिलाफ अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन का ऐलान किया। भोपा थाना क्षेत्र के ग्राम सीकरी के मजरे योगेंद्रनगर में ग्रामीणों ने राशन डीलर पर राशन सामग्री न देने का गंभीर आरोप लगाया। ग्रामीणों का कहना है कि डीलर द्वारा सरकार द्वारा आवंटित राशन समय पर नहीं दिया जा रहा है, जिससे उन्हें भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामवासियों ने डीलर पर कालाबाजारी का भी बड़ा आरोप लगाया। उनका आरोप है कि डीलर सरकारी राशन को अवैध तरीके से कालाबाजारी में बेच रहा है। गुस्साए ग्रामीणों ने पंचायत कर नारेबाजी की और जिला प्रशासन से राशन डीलर को हटाने की मांग की है। ग्रामीणों ने बताया कि राशन डीलर महिलाओं से अंगूठा लगवा लेता है और राशन को बाद में देता है, वहीं उनका आरोप है कि राशन डीलर शराब के नशे में राशन का वितरण करता है तथा महिलाओं के साथ गाली-गलौच करता रहता है। पंचायत में ग्रामीणों ने मांग की है कि राशन डीलर के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए और उसे तुरंत पद से हटाया जाए ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दिया गया और राशन डीलर के खिलाफ कार्रवाई नहीं की गई, तो वे शुक्रवार को डीएम कार्यालय पर महिला हुआ बच्चों को साथ लेकर अनिश्चितकालीन धरने पर बैठ जाएंगे, जिसका पूरी तरह से जिम्मेदार प्रशासन होगा। इस दौरान मुकेश कुमार, महिपाल, धीर सिंह, रमेश, राजकुमार, धनीराम, संजीव, संदीप, समारा, रतन, काबुल, सलेक चंद, पदम, विजय, प्रताप, अतर सिंह, उमेश, जगदीश, बलवान, मुन्नी, लीला, पाली, मुनेश, सुदेश, शीला, सुनीता, धर्मवीरी, वीरमती, सिलो, संतलेश आदि मौजूद रहे। मामले को लेकर आपूर्ति अधिकारी ने बताया कि गांव में जाकर राशन डीलर के खिलाफ जांच की गई है।

आवश्यकता है
शहर के प्रतिष्ठित ज्वैलरी शोरूम के लिए अनुभवी एवं योग्य सेल्स एग्जीक्यूटिव (20 M/F) की
(योग्यता -ग्रेजुएट एवं दो वर्ष का ज्वैलरी शोरूम पर कार्य का अनुभव)
अपना Resume के साथ 19 सितम्बर, 2025 को सुबह 10 बजे से सायं 5 बजे तक होटल SWARN INN सर्कुलर रोड, मुजफ्फरनगर पर मिलें
या अपना Resume Whatsapp पर send करें
Mob -8791730102 पर भेजें
नोट - कोई भी कैंडीडेट मोबाइल पर कॉल ना करे

महिला चिकित्सालय में सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम का शुभारंभ

- भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष की मौजूदगी में देखा लाइव प्रसारण - स्वच्छता अभियान में दिया श्रमदान कर स्वच्छता का संदेश

मुजफ्फरनगर, 17 सितम्बर (बु.)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन महिला चिकित्सालय में सेवा पखवाड़े के रूप में मनाया गया। इस दौरान रक्तदान शिविर का शुभारंभ पूर्व मंत्री एवं भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी ने किया। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भाषण का लाइव प्रसारण सदस्य विधान परिषद पूर्व मंत्री भूपेन्द्र चौधरी, पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. संजीव बालियान, जिला अध्यक्ष सुधीर सैनी, प्रभारी मंत्री सूर्यप्रकाश पाल, जिला पंचायत अध्यक्ष वीरपाल निर्वाल, पूर्व विधायक अशोक कंसल, उमेश मलिक, प्रमोद उटवाल, पूर्व चेयरमैन डॉ. सुभाष शर्मा, महिला आयोग सदस्य सपना कश्यप, पूर्व जिला अध्यक्ष विजय शुक्ला, ब्लॉक प्रमुख गौरव पंवार, अमित चौधरी, अनिल सिंह प्रमुख, गीता जैन, नंदकिशोर पाल, प्रवीण खेड़ा, अमित शर्मा, विशाल गर्ग, बिजेंद्र पाल, बबिता गुप्ता, सुनील दर्शन, श्रीमोहन तायल, पुनीत वशिष्ठ, कमलकांत शर्मा, देशबंधु तोमर आदि मौजूद रहे। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री जी का जीवन सेवा, समर्पण व राष्ट्र निर्माण का प्रतीक है, महिलाओं के स्वास्थ्य, परिवार और समाज की प्रगति का आधार है। उन्होंने सभी नागरिकों, विशेष रूप से महिलाओं से अपील की कि वे स्वास्थ्य शिविरों में भाग लें, रक्तदान करें और स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाकर स्वयं और अपने परिवार को स्वस्थ एवं सशक्त बनाएं। इसके उपरान्त उन्होंने सेवा पखवाडा अभियान के तहत स्वच्छता अभियान में अहिल्याबाई चौक पर श्रमदान करते हुए स्वच्छता का संदेश दिया। सेवा पखवाड़े के कार्यक्रम में उन्होंने नगरवासियों को स्वस्थ एवं सुरक्षित जीवन के प्रति आगे आने का आह्वान करते हुए अपने आसपास साफ-सफाई करने के साथ प्रदूषण संरक्षण की दिशा में एक पेड़ मां के नाम लगाने के साथ उसकी सुरक्षा की जिम्मेदारी भी रखने का संकल्प दोहराया। इस दौरान जनपद स्तरीय माननीयों के साथ भाजपा कार्यकर्ता और पदाधिकारी मौजूद रहे। जिला अस्पताल तिराहे पर सेवा पखवाड़े के दौरान आयोजित स्वच्छता अभियान में पालिका ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अभय प्रताप शाही, सफाई निरीक्षक प्रलक्षा मैनवाल, चीफ योगेश गोलियान समेत क्षेत्र के सफाई नायक एवं कर्मचारी भी मौजूद रहे।

8267057775, 9997931317
दाँतों का अस्पताल
डॉ. मनु कुमार गर्ग (B.D.S.)
डॉ. निधि गर्ग (B.D.S.)
Root Canal Treatment
Crown & Bridge
Fixed Orthodotic Treatment
Cosmetic Filling
Denture
Dental Implant
Extraction
Ultrasonic Cleaning
समयः- सुबह 10 से 3 बजे व शाम 5 से 8 बजे तक
रविवार सायं अवकाश।
पता- प्रकाश चौक, ऋषि स्वीट्स के बराबर में, मुजफ्फरनगर

पति पत्नी और वो, नाजायज संबंधों के चलते पत्नी को घर से निकाला

भोपा, 17 सितम्बर (बु.)। चरथावल थानाक्षेत्र के गांव में अन्य महिला से अवैध संबंधों के चलते पति ने अपनी मां और आरोपी महिला के साथ मिलकर अपनी पत्नी से जमकर मारपीट की और विरोध करने पर उक्त महिला से शादी रचाने की बात कहकर पत्नी को घर से निकाल दिया। मायके पहुंची महिला ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना-पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। मुजफ्फरनगर के नई मंडी थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने बताया कि उसकी शादी चरथावल थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक के साथ बड़ी धूमधाम के साथ हुई थी।

पति से उसको दो पुत्रियों सहित चार बच्चे हुए, लेकिन उसका पति उससे घर से अतिरिक्त दहेज लाने की मांग करने लगा। दहेज लोभी ससुरालजनों की अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर लगभग नौ महीने वह अपने मायके में रही और दो लाख रुपए देने के बाद वह ससुराल जा सकी थी। महिला ने आरोप लगाया कि उसका पति शराबी किस्म का व्यक्ति है और ड्राइवरी का काम करते समय उसने एक महिला के साथ अवैध संबंध बना लिए। महिला ने बताया कि बीते सोमवार को उसका पति उक्त महिला को घर लेकर आ गया, जिस पर उसने महिला को घर लाने का विरोध किया। आरोप है कि इस बात पर आरोपी पति आग बबूला हो गया और आरोपी महिला को पत्नी बनाकर घर में लाने की बात कहते हुए अपनी मां और उक्त महिला के साथ मिलकर जान से मारने की नीयत से उसके साथ मारपीट की। शोर शराबा सुनकर मोहल्ले के लोग मौके पर आ गए और किसी तरह महिला की जान बचाई। महिला ने मामले की जानकारी अपने परिजनों को दी, जिस पर उसका भाई मौके पर पहुंचा और उसके सास से इस संबंध में विरोध जताया, तो आरोपी सास ने महिला को अनपढ़ गंवार बताते हुए उसे वहां से ले जाने को कहा, जिसके बाद वह अपने भाई के साथ अपने मायके आ गई, जब उसके रिश्तेदारों ने ससुराल वालों से संपर्क किया तो उन्होंने उसे रखने से स्पष्ट मना कर दिया। महिला ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को पत्र भेजकर कार्रवाई की मांग की है।

बिजली-पानी, खाद-बीज को लेकर किसान दिवस में दिखा रोष

- जिला पंचायत सभागार में संपन्न हुआ किसान दिवस

मुजफ्फरनगर, 17 सितम्बर (बु.)। किसान दिवस के अवसर पर एडीएम प्रशासन एवं पुलिस अधीक्षक नगर की मौजूदगी में जिला पंचायत सभागार में संपन्न किसान दिवस में किसानों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुनकर उनके गुणवत्तापूर्ण एवं त्वरित निस्तारण के लिए सम्बन्धितों को निर्देशित किया गया। योगी सरकार की पहल पर किसानों को राहत देने की दिशा में शुरू किसान दिवस में अफसरों की मौजूदगी में विभिन्न समस्याओं के निदान की जानकारी देते हुए एडीएम प्रशासन संजय कुमार सिंह व एसपी सिटी सत्यनारायण प्रजापत ने पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों को किसान दिवस में आने वाली समस्याओं का समय रहते निदान कराने के निर्देश दिए। सभागार में किसानों की समस्याओं में सर्वाधिक सिंचाई, खाद-बीज की उपलब्धता, भूमि संबंधी विवाद, राजस्व प्रकरण, फसल सुरक्षा व आपसी विवादों के समाधान से जुड़ी समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखते हुए निदान की मांग की। मौजूद अधिकारियों ने सभी शिकायतों को ध्यानपूर्वक सुना और संबंधित विभागीय एवं पुलिस अधिकारियों को किसानों की इन समस्याओं के त्वरित निराकरण के दिशा-निर्देश दिए। साथ ही यह भी कहा कि किसानों की समस्याओं के समाधान प्राथमिकता के आधार पर किए जाएं। पुलिस अधीक्षक नगर सत्यनारायण प्रजापत ने यह भी निर्देशित किया कि जनपद में बढ़ते भूमि विवाद एवं फसल कटाई के समय उत्पन्न होने वाले विवादों के प्रकरणों में थाना प्रभारियों द्वारा विशेष सतर्कता बरती जाए तथा ग्राम स्तर पर राजस्व एवं पुलिस अधिकारियों की संयुक्त टीम द्वारा समस्याओं का त्वरित समाधान किया जाए। इस दौरान बड़ी संख्या में जनपद भर से आए किसानों के साथ विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ द्वारा मनाया गया प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का जन्म दिवस

**मुजफ्फरनगर, 17 सितंबर (बुस.

फिर से रोकी गई मां वैष्णो देवी यात्रा, खराब मौसम को देखते हुए लिया गया फैसला

जम्मू, 17 सितंबर (एजेंसी)। वैष्णो देवी की यात्रा एक बार फिर बंद कर दी गई है। मौसम खराब होने की वजह से सुबह मौसम अगर क्लियर होगा तभी यात्रा शुरू होगी। बुधवार 17 सितंबर को करीब 5:30 बजे यात्रा को कटरा से बंद कर दिया गया है। 26 अगस्त के बाद से ये यात्रा बुधवार से शुरू की गई थी। इससे पहले माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड ने अनुकूल मौसम होने की स्थिति में यात्रा को फिर से शुरू करने की घोषणा की थी, जिससे कटरा शहर में डेरा डाले हुए कई श्रद्धालुओं के चेहरे खिल उठे थे, लेकिन अब उनके हाथ एक बार फिर निराशा लगी है। जम्मू संभाग में 26 अगस्त को अत्यधिक खराब मौसम के दौरान माता वैष्णो देवी मंदिर मार्ग पर भूस्खलन होने से 35 से अधिक तीर्थयात्रियों की जान चली गई थी और 10 से अधिक लोग घायल हो गए थे। इसके कारण माता वैष्णो देवी यात्रा को रोकना पड़ा था। कटरा में कुछ दिन पहले हुए भूस्खलन के बाद प्रशासन ने होटल और धर्मशालाओं को खाली करने का आदेश जारी किया था। आपको बता दें कि भूस्खलन त्रासदी के बाद, माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड की आलोचना हुई थी, यहां तक कि जम्मू-कश्मीर के उपमुख्यमंत्री सुरिंदर चौधरी ने भी यात्रा के मामलों का प्रबंधन करने वाले एसएमवीडीएसबी के अधिकारियों को दोषी ठहराया गया था। वहीं जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने तीन दिन बाद माता वैष्णो देवी मंदिर मार्ग पर अधकुंवारी के पास हुए भूस्खलन की घटना की जांच के लिए एक उच्च स्तरीय समिति के गठन का आदेश दिया था।

जन्मदिन पर पीएम की पाकिस्तान को चेतावनी

▶▶ बोले- नया भारत परमाणु धमकी से नहीं डरता, हम घर में घुसकर मारते हैं

भोपाल, 17 सितंबर (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने 75वें जन्मदिन पर बुधवार को एमपी के धार में कहा, "ये नया भारत है। ये परमाणु धमकी से नहीं डरता। हम घर में घुसकर मारते हैं। ऑपरेशन सिंदूर में हमारे जवानों ने पाकिस्तान को घुटनों पर ला दिया। उन्होंने कहा, "धार की धरती पराक्रम की धरती है। मां भारती की आन-बान-शान से बड़ा कुछ नहीं। हमारा हर पल देश के लिए समर्पित हो। देश की मर-मिटने की सौगंध लेकर हमारे स्वतंत्रता सेनानियों ने सबकुछ देश के लिए समर्पित कर दिया था।" पीएम ने बदनावर तहसील के भैंसोला गांव में पीएम मित्र पार्क की आधारशिला रखी। यहां खुली जीप में लोगों का अभिवादन किया। साथ ही राष्ट्रीय पोषण पखवाड़ा के लिए सिंगल क्लिक पर राशि ट्रांसफर की। पीएम ने कहा- मेरा हमेशा प्रयास रहा है कि माताओं-बहनों

का जीवन आसान बनाऊं, उनकी मुश्किलें कम करूं। स्वच्छ भारत योजना के तहत शौचालय, उज्ज्वला गैस कनेक्शन, जल जीवन मिशन, आयुष्मान योजना इन सभी ने माताओं -बहनों के जीवन की मुश्किलें कम की और उनका स्वास्थ्य बेहतर बनाया है। मैं भाइयों से भी कहूंगा, आप भी मेरा साथ दीजिए और माताओं-बहनों के स्वास्थ्य का परीक्षण जरूर करवाएं। पीएम ने कहा- मध्यप्रदेश की धरती से एक और अभियान की चर्चा करना चाहता हूं। हमारे आदिवासी इलाकों में सिकलसेल एनीमिया एक बड़ा संकट है। हमारी सरकार आदिवासी भाई-बहनों को इस बीमारी से बचाने के लिए राष्ट्रीय मिशन चला रही है। इसकी शुरूआत हमने 2023 में शहडोल से की थी। सिकलसेल स्क्रीनिंग का पहला कार्ड शहडोल में दिया था। आज एक करोड़वां कार्ड भी मध्यप्रदेश में दिया है। अब तक इस अभियान के तहत पूरे देश में पांच करोड़ से ज्यादा लोगों की स्क्रीनिंग हो चुकी है। इससे लाखों आदिवासियों का जीवन सुरक्षित हुआ है। ये काम आने वाली पीढ़ियों के लिए बहुत बड़ा आशीर्वाद बनने वाला है। जिनका जन्म नहीं हुआ है, हम उनके लिए काम कर रहे हैं। आज की पीढ़ी स्वस्थ हो जाएगी, तो नई पीढ़ी सुरक्षित होगी। पीएम ने कहा- धार के पीएम मित्र पार्क में बुनाई के लिए जरूरी सामान जैसे- कपास और रेशम आसानी से उपलब्ध होगा, क्वालिटी चेक आसान होगी, मार्केट तक पहुंच बढ़ेगी, यहां स्पीनिंग होगी, प्रोसेसिंग होगी और यहीं से निर्यात होगा। दुनिया के बाजार में मेरे धार का नाम भी चमकेगा। हमारी सरकार 5 एफ विजन पर काम कर रही है। पीएम ने कहा, जब 22 सितंबर (नवरात्रि के पहले दिन) से GST की दरें कम हो रही हैं, तब स्वदेशी चीजें खरीदकर इसका फायदा उठाना है। हर दुकान पर बोर्ड हो- गर्व से कहो- ये स्वदेशी है। उन्होंने लोगों से नारा लगवाया कि- गर्व से कहो, ये स्वदेशी है।

ट्रेनों पर पथराव पर लगेगी लगाम, नई तकनीक से उपद्रवियों पर शिकंजा कसेगी जीआरपी

गाजियाबाद, 17 सितंबर (एजेंसी)। रेलवे लाइन पर उन संदिग्ध जगाहों को जियोटैग किया जाएगा जहाँ ट्रेनों पर पथराव होता है। इससे पत्थरबाजों को पकड़ने में आसानी होगी। पिलर संख्या के आधार पर स्थानों को चिह्नित किया जाएगा। जीआरपी ने जियोटैगिंग योजना को लागू करने की तैयारी शुरू की है। छठ पूजा और दिवाली के दौरान ट्रेनों में अक्सर भीड़ रहती है। यात्रियों की सुरक्षा की ज़िम्मेदारी जीआरपी और आरपीएफ की होती है। पथराव की घटनाओं को रोकना जीआरपी के लिए एक चुनौती बना हुआ है। ट्रेन कुछ मुस्लिम बहुल गाँवों से भी गुजरती है। जीआरपी इन स्थानों को संवेदनशील मानती है। हालाँकि, पहले भी अन्य स्थानों पर पथराव की घटनाएँ हो चुकी हैं। जानकारी के अनुसार इस जियोटैगिंग में तस्वीरें, वीडियो और भौगोलिक निर्देशांक (अक्षांश और देशांतर) दर्ज किए जाएँगे। पहले, संवेदनशील स्थानों को केवल कॉलोनी या गाँव के नाम से डायरी में दर्ज किया जाता था। इस बार, रेलवे लाइन का पिलर नंबर भी दर्ज किया जाएगा, जिससे तुरंत कार्रवाई हो सके। दिवाली और छठ पूजा से पहले जियोटैगिंग पूरी कर ली जाएगी। जीआरपी ने उन घनी आबादी वाले इलाकों में मुखबिर नेटवर्क सक्रिय कर दिया है जहाँ से ट्रेनें गुजरती हैं। आपको बता दें कि पथराव की घटनाओं पर लगाम लगाने के लिए, जीआरपी ने रेल मित्र नाम से एक व्हाट्सएप ग्रुप बनाया है। जिन गाँवों से रेलवे लाइन गुजरती है, उन गाँवों के ग्राम प्रधानों को इस ग्रुप से जोड़ा गया है। वेंडरों और अन्य रेलवे कर्मचारियों को भी इस ग्रुप से जोड़ने की तैयारी चल रही है। ग्राम प्रधानों को अपने गाँवों में गतिविधियों पर नजर रखने की ज़िम्मेदारी सौंपी गई है। अगर कोई पथराव का प्रयास करता है, तो वे जीआरपी को सूचित करेंगे। यह ग्रुप अब तक सक्रिय नहीं था। जीआरपी अब इसे फिर से सक्रिय करेगी। इस तकनीक को लेकर सीओ जीआरपी गाजियाबाद सुदेश गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि पथराव की आशंका वाली ट्रेनों में संवेदनशील स्थानों को जियो-टैग करने की तैयारी चल रही है। इससे पत्थरबाजों को पकड़ना आसान हो जाएगा। इस बार, पत्थरबाजी वाले स्थानों को पिलर संख्या के आधार पर चिह्नित किया जाएगा।

फरमान की मौत का रहस्य गहराया, पिता ने हत्या किए जाने की दी तहरीर

मीरापुर, 17 सितम्बर (बु.)। मीरापुर क्षेत्र में दिल्ली-पौड़ी राजमार्ग पर बलीपुरा के समीप टायर पेंचर की दुकान करने वाले गढ़ी-मुझेड़ा निवासी युवक फरमान पुत्र इकबाल का मंगलवार को दुकान पर ही गोली लगा शव मिला था। शव मिलने से पुलिस में हड़कम्प मच गया था। परिजनों ने युवक की हत्या किए जाने की आशंका जताई थी, किन्तु पुलिस प्रथम दृष्टया मामले को आत्महत्या का मानकर चल रही थी। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। बुधवार को मृतक फरमान के परिजन दर्जनों ग्रामीणों के साथ थाने पहुँचे और मृतक के पिता इकबाल ने अज्ञात द्वारा फरमान की हत्या किए जाने की तहरीर पुलिस को दी, किन्तु देर शाम तक भी उक्त मामले में मुकदमा दर्ज नही हुआ था, जिससे प्रतीत होता है कि फरमान की मौत हत्या है या आत्महत्या, यह रहस्य गहराता जा रहा है। मामले पर इंस्पेक्टर बबलू कुमार वर्मा ने बताया कि तहरीर मिल गई है विधिक कार्यवाही की जा रही है, जल्द ही मामले का खुलासा कर दिया जाएगा।

एक्ट्रेस दिशा पाटनी के घर फायरिंग करने वाले ढेर, गाजियाबाद में एसटीएफ ने किया एनकाउंटर

गाजियाबाद, 17 सितंबर (एजेंसी)। बरेली में दिशा पाटनी के घर फायरिंग करने वाले दोनों बदमाश मारे गए हैं। गाजियाबाद में बुधवार शाम नोएडा एसटीएफ और सीआई यूनिट दिल्ली की टीम ने दोनों का एनकाउंटर कर दिया। बदमाशों की पहचान रोहतक के रविंद्र और सोनीपत के अरुण के रूप में हुई। ये रोहित गोदारा और गोल्डी बराड़ के गैंग के थे। दोनों पर एक-एक लाख का इनाम था। एसटीएफ नोएडा के मुताबिक, बुधवार की शाम करीब 7.22 बजे पर गाजियाबाद के ट्रॉनिका सिटी एरिया में चेकिंग कर रहे थे। दो लड़के बाइक पर दिखे, जो चेकिंग देखकर भाग रहे थे। पीछा करने पर उन्होंने फायरिंग शुरू कर दी। एक एक गोली टीम के जवान को लगी। पुलिस जीप पर भी 3 गन शॉट लगे। टीम ने खुद को बचाते हुए बदमाशों पर फायरिंग की। गोली लगने से अरुण और रविंद्र घायल हो गए। उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

मौके से ग्लॉक, जिगाना पिस्टल और कारतूस बरामद हुए हैं। एक सफेद अपाचे मिली है। माना जा रहा है कि यही वो बाइक है, जिस पर वह बदमाश बरेली आए और फायरिंग करके वापस लौट गए थे। एसटीएफ के अनुसार, दोनों बदमाश सीसीटीवी में कैद हुए थे। दिशा पाटनी के घर फायरिंग करते वक्त अरुण सफेद शर्ट पहने था, रविंद्र नीले रंग की टीशर्ट में था। अरुण और रविंद्र पेशेवर शूटर थे। एडीजी लॉ एंड ऑर्डर अमिताभ यश ने बताया, दोनों बदमाशों की पहचान होने के बाद पुलिस मुठभेड़ हुई है। बदमाश घायल हुए, उन्हें हॉस्पिटल ले जाया गया। जहां मृत घोषित कर दिया गया।

अमेरिका के कैलिफोर्निया में हिंदू पर्व दीपावली पर राजकीय अवकाश घोषित करने का प्रस्ताव हुआ पारित

कैलिफोर्निया, 17 सितंबर (एजेंसी)। हिंदुओं का सबसे बड़े त्यौहार दीपावली को सिर्फ भारत में ही नहीं, बल्कि दुनिया के कई देशों में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। भारतीय मूल के लोगों के कई देशों में होने की वजह से दीपावली का त्यौहार भी कई देशों में मनाया जाता है। इन देशों में अमरीका भी शामिल है। अमेरिका के कई शहरों में दीपावली मनाई जाती है। कुछ राज्यों में तो दीपावली को राजकीय अवकाश भी घोषित किया हुआ है। दीपावली को राजकीय अवकाश घोषित करने वाले अमेरिकी राज्यों की लिस्ट में अब एक और नाम जुड़ गया है। जानकारी के अनुसार कैलिफोर्निया के सांसदों ने AB 268 विधेयक पारित कर दिया है, जो दिवाली को राज्य की आधिकारिक छुट्टियों की सूची में शामिल करेगा। यह विधेयक, जिसे विधानसभा सदस्य ऐश कालरा और डॉ. दर्शना पटेल ने सीनेटर बेन एलन के साथ मुख्य सह-लेखक के रूप में प्रस्तुत किया था, अब विचार-विमर्श और नामांकन के लिए आगे बढ़ रहा है।

उत्तर प्रदेश में सात आईपीएस अफसरों के हुए तबादले, तीन जिलों के एएसपी बदले

लखनऊ, 17 सितंबर (एजेंसी)। यूपी में बुधवार को सात आईपीएस अफसरों के तबादले किए गए हैं। इनमें तीन जिलों के एसपी-एएसपी भी शामिल हैं। आईपीएस देव रंजन वर्मा को पुलिस उपमहानिरीक्षक, नियम एवं ग्रंथ, लखनऊ से पुलिस उपमहानिरीक्षक, प्रशिक्षण निदेशालय, लखनऊ के लिए भेजा गया

▶▶ अनुज चौधरी समेत 44 पीपीएस अफसरों के तबादले, यूपी में सीओ से एएसपी बने 17 अफसरों को नई तैनाती

है। एसडीआरएफ, लखनऊ में तैनात सेनानायक डॉ. सतीश कुमार को पुलिस अधीक्षक, सम्बद्ध, मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. में जिम्मेदारी दी गई है। प्रयागराज पुलिस कमिश्नरेट में अपर पुलिस उपायुक्त अभिजीत कुमार को मेरठ का एएसपी ग्रामीण बनाया गया है। पुलिस अधीक्षक/अपर पुलिस अधीक्षक, रामपुर के रूप में तैनात अतुल कुमार श्रीवास्तव को पुलिस उपायुक्त, पुलिस कमिश्नरेट, कानपुर की जिम्मेदारी दी गई है। पुलिस उपायुक्त/ अपर पुलिस उपायुक्त, पुलिस कमिश्नरेट, लखनऊ में तैनात ममता रानी चौधरी को पुलिस उपायुक्त, पुलिस कमिश्नरेट, लखनऊ भेजा गया है। अमेठी में तैनात एसपी/एएसपी शैलेंद्र कुमार सिंह को पुलिस उपायुक, पुलिस कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर भेजा गया है। पुलिस अधीक्षक/अपर पुलिस अधीक्षक, फिरोजाबाद के रूप में तैनात त्रिगुण बिरोन को पुलिस उपायुक्त, पुलिस कमिश्नरेट, गाजियाबाद की जिम्मेदारी दी गई है। वहीं एक और जारी आदेश के अनुसार योगी सरकार ने बुधवार की शाम 44 पीपीएस अफसरों के तबादले कर दिए। इनमें सीओ से एडिशनल एसपी बने 17 पुलिस अधिकारी शामिल हैं। 13 डिप्टी एसपी भी बदले गए हैं। संभल के चर्चित एएसपी अनुज कुमार चौधरी को फिरोजाबाद में एडिशनल एसपी ग्रामीण बनाया गया है। 2012 बैच के पीपीएस अफसर अनुज स्पोर्ट्स कोटे से भर्ती हुए थे। एक महीने पहले उन्हें सीओ से एएसपी बनाया गया। स्पोर्ट्स कोटे से इस पद तक पहुंचने वाले वह यूपी पुलिस के पहले अफसर हैं। इससे पहले स्पोर्ट्स कोटे से कोई भी पुलिसकर्मी एडिशनल एसपी के पद तक नहीं पहुंचा था। अनुज चौधरी संभल हिंसा के बाद सुर्खियों में आए थे। हिंसा के दौरान उनके पैर में गोली लगी थी। अनुज चौधरी ने कहा था- साल में होली एक बार आती है, जुमा 52 बार आता है। उनके इस बयान का समर्थन सीएम योगी ने भी किया था। कहा था- पहलवान है, पहलवान की तरह ही बोलेगा।

शादी में आए व्यक्ति पर हमला कर किया घायल, आरोपी गिरफ्तार

भोपा, 17 सितम्बर (बु.)। थाना क्षेत्र के भोकरहेड़ी में शादी में शामिल होने आए उत्तराखंड निवासी व्यक्ति को कस्बे के ही आरोपी ने लाठी से हमला कर घायल कर दिया। पीड़ित को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भोपा पर भर्ती कराया गया, जहां उसका उपचार किया गया। पुलिस ने घायल की पत्नी की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। उत्तराखंड के लक्सर थानाक्षेत्र के गांव निरंजनपुर की रहने वाली अंगूरी देवी ने बताया कि वह बीते मंगलवार को अपने पति काम्मा के साथ भोपा थाना क्षेत्र के भोकरहेड़ी में अपनी रिश्तेदारी में होने वाली शादी में शामिल होने के लिए आई थी। देर रात खाना खाकर सभी बातचीत कर रहे थे, तभी कस्बे का ही रहने वाला सिब्बा अपने हाथ में लाठी लेकर वहां घुस आया और आते ही उसके पति काम्मा पर हमला बोल दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसके द्वारा शोर मचाने पर आरोपी लाठी लहराते हुए जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस ने घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भोपा पर पहुंचाया, जहां उसका उपचार किया गया। थाना प्रभारी निरीक्षक ओमप्रकाश सिंह ने बताया कि अंगूरी देवी की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर आरोपी सिब्बा बंगाली पुत्र सोमपाल निवासी ग्राम भोकरहेड़ी को भोकरहेड़ी बस अड्डे से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

जिस संत की आंखें नहीं, उनके कितने पाप होंगे, चंद्रशेखर के निशाने पर रामभद्राचार्य

बरेली, 17 सितंबर (एजेंसी)। जगद्गुरु स्वामी रामभद्राचार्य के मेरठ के रामकथा में 'मिनी पाकिस्तान' वाले बयान पर राजनीति लगातार गहराई हुई है। अब इस विवाद में आजाद समाज पार्टी के संस्थापक और नगीना सांसद चंद्रशेखर आजाद ने एंट्री मारी है। बरेली में बुधवार को संजय कम्युनिटी हॉल में आयोजित 'अस्तित्व बचाओ-भाईचारा बनाओ' प्रबुद्धजन सम्मेलन में मेरठ में हुई रामकथा एवं कथावाचक के दिए गए बयान पर बिना नाम लिए तीखी टिप्पणी की। उन्होंने कथावाचक के उस कथन की निंदा की, जिसमें पश्चिमी उत्तर प्रदेश को मिनी पाकिस्तान बताकर धार्मिक और सामाजिक विभाजन की तरफ इशारा किया गया था। चंद्रशेखर ने अपने संबोधन में धार्मिक असहिष्णुता, संवेदनहीन प्रशासन और समाज में फैली जातिगत असमानता के मुद्दे उठाए। उन्होंने तुलसी पीठाधीश्वर जगद्गुरु रामभद्राचार्य पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि संत की न कोई जाति होती है, न कोई धर्म होता है। ऐसे में एक संत ऐसे हैं जिनकी आंखें नहीं हैं। सोच लीजिए उनके कितने पाप होंगे। उन्होंने कहा कि लोग ऐसे अपराधी से ज्ञान ले रहे हैं। सांसद चंद्रशेखर ने कहा कि मेरठ किसानों और 1857 के विद्रोह की धरती है। वाल्मीकि संस्कृति की जड़ें हैं। ऐसे जनपद को 'मिनी पाकिस्तान' कहना निंदनीय है। उन्होंने कथावाचक के उस कथन पर कटाक्ष किया, जिसमें कथावाचक ने कहा था कि मुझे बचपन से आंखें नहीं हैं। चंद्रशेखर ने कहा कि सनातन के हिसाब से कोई व्यक्ति इतनी बड़ी सजा कैसे पाता होगा कि उसे आंखें ही न दीं जाएं? यह सोचने वाली बात है और यह टिप्पणी कथावाचक के कर्मों की ओर संकेत करती है।

चंद्रशेखर ने सम्मेलन की शुरूआत नारों के साथ की। 'जय भीम, जय भारत, जय मंडल, जय जुहार, आदाब, शास्त्रीयकाल' से की। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह आयोजन भेदभाव और जातिवादी मानसिकता को चुनौती देने के उद्देश्य से किया गया है। उन्होंने आलोचना की कि पहले के समयों में ऐसे सम्मेलनों में केवल एक ही जाति के लोग मंच पर बैठते थे। अन्य लोगों को 'बुद्धू' समझा जाता था। आज इसका बदलना जरूरी है। यूपी विकास बनाम विनाश पर भी चंद्रशेखर ने बड़ा दावा किया। उन्होंने कहा कि यूपी विकास की राह पर नहीं, बल्कि विनाश की राह पर चल पड़ा है। उन्होंने वाराणसी में एक अस्पताल की खबर का जिक्र करते हुए कहा कि 2 घंटे पहले जन्मे नवजात और उसकी मां को निकाल दिया गया। यह सरकार और प्रशासन की संवेदनहीनता दशार्ता है। वे बोले कि ऐसे मामलों में कार्रवाई तब होती है, जब सड़कों पर आंदोलन होता है।

पूर्व सपा विधायक इरफान सोलंकी, भाई रिजवान समेत सात पर गैंगस्टर एक्ट में आरोप तय

कानपुर, 17 सितंबर (एजेंसी)। शहर की सीसामऊ सीट से सपा विधायक रहे इरफान सोलंकी, उनके भाई रिजवान सोलंकी और इजरायल आटेवाला समेत सात आरोपियों पर गैंगस्टर एक्ट में आरोप तय हो गए। बुधवार को कई महीनों बाद महाराजगंज जेल से शहर आए पूर्व सपा विधायक इरफान सोलंकी समेत सात आरोपियों की गैंगस्टर कोर्ट में पेशी हुई। पेशी से पहले ही पूरी कचहरी को छावनी में तब्दील कर दिया गया था। इसके बाद जैसे ही पूर्व सपा विधायक इरफान सोलंकी, उनके भाई रिजवान सोलंकी व अन्य आरोपियों को लेकर पुलिस पेशी के लिए कोर्ट के अंदर लेकर गयी। इस दौरान उन्होंने पत्रकारों से बातचीत की। इसमें पूर्व सपा विधायक इरफान सोलंकी ने कहा- सुप्रीम कोर्ट से उनकी रिहाई होगी और वह 2027 का चुनाव लड़ेंगे। पुलिस से धक्का-मुक्की के बीच पूर्व सपा विधायक इरफान ने ये भी कहा देर है, मगर अंधेर नहीं है। पूर्व सपा विधायक इरफान सोलंकी के अधिवक्ता शिवाकांत दीक्षित ने बताया, पूर्व सपा विधायक पर गैंगस्टर एक्ट के तहत आरोप तय किये गये हैं। अब अगली तारीख में जो साक्ष्य प्रस्तुत होंगे, उनका जवाब दाखिल किया जाएगा। इस मामले में सरकार की ओर से पैरवी कर रहे डीजीसी क्रिमिनल दिलीप अवस्थी ने कहा, पूर्व सपा विधायक इरफान सोलंकी, उनके भाई रिजवान सोलंकी, इसरायल आटेवाला, शौकत अली, भोलू समेत अन्य आरोपियों पर आरोप तय हो गए हैं। कोर्ट ने माना है, ये सभी आरोपी मिलकर गैंग चलाते थे। ऐसे में इनके खिलाफ जो साक्ष्य हैं, उनके आधार पर तीन से छह माह में सजा दिलाएंगे।

मुरादाबाद में एक घर से उठीं 5 अर्थियां, पूरा गांव रो पड़ा, बेटी बोली-पूरा परिवार सैलाब में बह गया

▶▶ देहरादून में बादल फटने से टोंस नदी में आई बाढ़ से हुई मौत

मुरादाबाद, 17 सितंबर (एजेंसी)। मुरादाबाद से कमाने उत्तराखंड गए 12 मजदूर हादसे का शिकार हो गए। देहरादून में बादल फट गया। मजदूर ट्रैक्टर ट्रॉली समेत टोंस नदी में बह गए। 7 मजदूरों के शव एनडीआरएफ ने तलाश लिए हैं। तीन अभी भी लापता हैं। बुधवार को 6 मजदूरों के शव उनके पैतृक गांव मुढ़िया जैन लाए तो चीख-पुकार मच गई। मरने वालों में 5 एक ही परिवार के सदस्य हैं। घर की महिलाएं एक-दूसरे से लिपटकर रोने लगीं। पूरे गांव में मातम पसर गया। किसी के घर में चूल्हा नहीं जला। शाम को एक साथ एक ही घर से पांच अर्थी उठीं तो गांव के लोग रो पड़े। देहरादून जिले के विकास नगर इलाके में टोंस नदी है। मंगलवार सुबह मुरादाबाद के 12 और संभल के 2 मजदूर नदी से बालू निकाल रहे थे। उसी वक्त पहाड़ों पर बादल फट गया। अचानक आई इस आपदा में मलबे और पानी का बहाव इतना जबरदस्त था कि मजदूरों को संभलने का मौका तक नहीं मिला। वे ट्रैक्टर ट्राली समेत नदी में बह गए। एनडीआरएफ ने मदन सैनी, नरेश, हरचरण, सोमवती, रीना, किरन और होराम की लाश बरामद की है। इसके अलावा राजकुमार, सुंदरी समेत तीन लोग अभी भी लापता हैं, जिनकी तलाश जारी है। मुरादाबाद में मुढ़िया जैन गांव जिला मुख्यालय से करीब 40 किमी दूर है। बुधवार सुबह जब भास्कर की टीम गांव में पहुंची तो हर तरफ मातम पसरा हुआ था। गांव में ज्यादातर घरों में आज चूल्हे नहीं जले। रह रहकर घरों के अंदर से रोने की आवाजें सुनाई पड़ रही थी। इस हादसे में गांव के रहने वाले हरचरन के परिवार के पांच लोगों की मौत हुई है। हरचरन की बेटी कविता ने बताया- पापा 20 साल से बजरफुट की छनाई का काम करते थे। वह मेरे दो भाइयों, मां और बहू के साथ रक्षाबंधन के बाद देहरादून में काम पर गए थे। परिवार के साथ वहीं पर किराए पर रहते थे। उत्तराखंड में बादल फटने से पिता, मां सोमवती, भाई होराम, भाभी रीना की मौत हो गई। इनकी लाश मिल चुकी है। दूसरा भाई राजकुमार अभी भी लापता है। वह कई सालों से ये काम करते थे, लेकिन कभी हमने सोचा नहीं था कि हमारे परिवार पर एक दिन ऐसी आफत टूट पड़ेगी। सभी सैलाब में बह गए।

परेशानी, प्रयागराज में संक्रमण का खतरा बढ़ा

प्रयागराज, 17 सितंबर (एजेंसी)। प्रयागराज में गंगा और यमुना नदियों के जलस्तर में लगातार कमी से जहां एक ओर तटीय इलाकों में रहने वाले लोगों ने राहत की सांस ली है, वहीं दूसरी ओर अब गंदगी की समस्या ने स्थानीय निवासियों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। बाढ़ का पानी उतरते ही गलियों और मोहल्लों में कीचड़, कचरा और गंदगी का अंबार लग गया है, जिससे आम जन-जीवन बेहाल हो उठा है। संगम क्षेत्र स्थित दारागंज, नागवासुकी और आसपास के मोहल्लों में लोगों का आना-जाना दूभर हो गया है। गली-मोहल्लों में जमी गंदगी और कीचड़ के कारण स्थानीय निवासी संक्रमण और बीमारियों के डर से सहमे हुए हैं। मच्छरों का प्रकोप भी बढ़ गया है, जिससे डेंगू, मलेरिया और अन्य बीमारियों का खतरा मंडरा रहा है। स्थानीय निवासी लवकुश तिवारी का कहना है कि जल स्तर घटने से हमें राहत तो मिली है, लेकिन अब गंदगी की बाढ़ ने हमें परेशान कर रखा है। सड़क पर चलना मुश्किल हो गया है और बीमारी फैलने का डर बढ़ गया है। वहीं प्रीतम मिश्रा का कहना है कि प्रशासन की ओर से अभी तक कोई ठोस व्यवस्था नहीं दिख रही है, जिससे आम लोगों की परेशानी और बढ़ गई है। हालांकि, प्रशासन ने बाढ़ के बाद सफाई और स्वास्थ्य सम्बंधी व्यवस्थाओं को लेकर दावा किया है। नगर निगम की टीम प्रभावित इलाकों में सफाई अभियान चला रही है। वहीं, स्वास्थ्य विभाग की ओर से एंटी-लार्वा स्प्रे और फॉगिंग कराई जा रही है, ताकि मच्छरों के प्रकोप को रोका जा सके और लोगों को बीमारियों से बचाया जा सके। जलस्तर में कमी का क्रम जारी है। बीते 24 घंटों में फाफामऊ में गंगा का जलस्तर 82 सेंटीमीटर और छतनाग में 76 सेंटीमीटर कम हुआ है। वहीं नैनी में यमुना नदी का जलस्तर 70 सेंटीमीटर घटा है। सुबह 8 बजे तक फाफामऊ में गंगा का स्तर 81.17 मीटर, छतनाग में 79.81 मीटर और नैनी में यमुना का जलस्तर 80.30 मीटर दर्ज किया गया।

पटना हाई कोर्ट ने कांग्रेस पार्टी को दी सख्त चेतावनी, प्रधानमंत्री मोदी से जुड़े मामले में लगाई फटकार

पटना, 17 सितंबर (एजेंसी)। बिहार कांग्रेस ने हाल ही में एक एआई वीडियो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जारी किया, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दिवंगत मां को उनके सपनों में आते हुए दिखाया गया। वीडियो को देखने के बाद सोशल मीडिया और राजनीतिक गलियारों में भारी विरोध शुरू हो गया। बीजेपी नेताओं ने इसे संवेदनशीलता और सम्मान की कमी बताया, वहीं विपक्ष ने भी कांग्रेस की आलोचना की।

अब पटना हाईकोर्ट ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए कांग्रेस को आदेश दिया कि वीडियो को तुरंत सोशल मीडिया से हटाया जाए। कोर्ट ने कहा कि ऐसे वीडियो न सिर्फ व्यक्तिगत भावनाओं को आहत करते हैं, बल्कि राजनीतिक विवाद को भी जन्म देते हैं। वीडियो एआई तकनीक से तैयार किया गया था और इसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मां, हीराबेन मोदी, का किरदार दिखाई देता है। वीडियो में ऐसा दृश्य है जिसमें पीएम मोदी जैसा दिखने वाला शख्स बिस्तर पर लेटा हुआ कहता है, 'आज की वोट चोरी हो गई, अब अच्छी नींद लो।'इसके बाद उनके सपने में उनकी मां प्रकट होती हैं और उन्हें नसीहत देती हैं। वीडियो में हीराबेन मोदी का किरदार बेटे को राजनीतिक लाभ के लिए अपने नाम का दुरुपयोग करने पर फटकार लगाता दिखाया गया। वीडियो को एआई जनरेटेड मार्क किया गया था। बीजेपी ने इस वीडियो को घिनौना और मां का अपमान करार दिया और इस पर पटना हाईकोर्ट का रुख किया। इसके अलावा, दिल्ली पुलिस ने 13 सितंबर को बीजेपी कार्यकर्ता संकेत गुप्ता की शिकायत पर एफआईआर दर्ज की, जिसमें दावा किया गया कि यह वीडियो प्रधानमंत्री और उनकी मां की छवि को बदनाम करता है और महिलाओं की गरिमा का उल्लंघन करता है।

रुपया 24 पैसे मजबूत, 87.85 प्रति डॉलर पर पहुंचा

मुंबई, 17 सितंबर (वार्ता) विदेशी निवेशकों के सकारात्मक रुख और शेयर बाजार में जारी तेजी से बुधवार को रुपये में लगातार चौथे दिन तेजी रही और यह 24 पैसे की जबरदस्त मजबूती के साथ 87.85 रुपये प्रति डॉलर पर पहुंच गया। भारतीय मुद्रा चार दिन में 50 पैसे मजबूत हो चुकी है। इससे पहले मंगलवार को यह सात पैसे की बढ़त के साथ 88.09 रुपये प्रति डॉलर पर रही थी। रुपये में आज शुरू से ही जबरदस्त तेजी रही। यह 25 पैसे चढ़कर 87.84 रुपये प्रति डॉलर पर खुला और पूरे दिन 87.7150 रुपये प्रति डॉलर से 87.8650 रुपये प्रति डॉलर के बीच रहा। विदेशी संस्थागत निवेशक लगातार दूसरे सप्ताह भारतीय पूंजी बाजार में लिवाल बने हुए हैं। इससे रुपये में मजबूती दर्ज की जा रही है। साथ ही घरेलू शेयर बाजारों की तेजी से भी भारतीय मुद्रा को समर्थन मिल रहा है।

गोरखपुर छात्र मर्डर केस, आरोपी रहीम का एनकाउंटर, चार पशु तस्कर गिरफ्तार

गोरखपुर, 17 सितंबर (एजेंसी)। यूपी के गोरखपुर में नीट की तैयारी कर रहे छात्र की हत्या के आरोपी रहीम का पुलिस ने एनकाउंटर किया है। पुलिस ने अभी तक 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। बता दें कि गांव में जानवरों को चुराने घुसे पशु तस्करों ने विरोध और पीछ करने पर 19 साल के दीपक को मार दिया था। एसएसपी राजकरन नैयर ने कहा कि पिपराइच थाना क्षेत्र के महुआचापी गांव में 15 और 16 सितंबर की रात हुई घटना के बाद माहौल पूरी तरह गर्म हो चुका है। मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद पुलिस प्रशासन ने एक्शन लेते हुए एक अभियुक्त रहीम जिसे पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस अधीक्षक का कहना है कि रहीम ने पुलिस के ऊपर पहले हमला किया। जवाबी फायरिंग में उसके पैर में गोली लगी है, उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस अधिकारी ने आगे जानकारी देते हुए बताया-वहीं दो अन्य अभियुक्त छोटू और राजू को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। दो अन्य जिनकी पहचान नहीं हो पाई है वह अभी फरार हैं, जल्द ही उन्हें भी गिरफ्तार क